• जयपुर, सोमवार 19 जनवरी 26 • वर्ष 15 • अंक 142 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIN/2011/40950

दैनिक
राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, ब्यावर, जालोर, करौली, नागौर बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 पश्चिम बंगाल और पंजाब में हो रही है लोकतंत्र की हत्या: मदन....
पेज @4 मिलावट खोरी के ख़िलाफ़ और शुद्ध के लिए युद्ध की ज़रूरत :राजीव ...
पेज @8 बांग्लादेश में हिन्दू हत्या पर नेताओं की चुप्पी चिंताजनक : संत हरि...

# राम जलसेतु लिंक परियोजना को मिली गति

## 2 हजार 230 करोड़ रुपये की लागत से चम्बल नदी पर 2.3 किमी लम्बाई में बन रहा एक्वाडक्ट

चमकता राजस्थान

### जल आत्मनिर्भरता की ओर मजबूती से अग्रसर राजस्थान

### मई, 2025 में कार्य शुरू, जून 2028 में बनकर होगा पूरा









जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दूरदर्शी नेतृत्व और सतत प्रयासों से प्रदेश की महत्वाकांक्षी राम जलसेतु लिंक परियोजना (संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चम्बल लिंक परियोजना) मिशन मोड पर आगे बढ़ रही है। जल सुरक्षा की दिशा में मील का पत्थर साबित होने वाली परियोजना के तहत चम्बल नदी पर 2.3 किलोमीटर लम्बाई में एक्वाडक्ट का निर्माण किया जा रहा है। यह जून, 2028 तक बनकर तैयार हो जाएगा।

मुख्यमंत्री शर्मा के मार्गदर्शन में परियोजना से संबंधित कार्य तीव्र गति से किए जा रहे हैं। इसके प्रथम चरण के पैकेज-2 के अंतर्गत 2 हजार 330 करोड़ रुपये की लागत से एक्वाडक्ट बनाया जा रहा है। यह चम्बल एक्वाडक्ट एक छोर में कोटा जिले की दीगोद तहसील के पीपलदा समेल गांव और दूसरे छोर में बूंदी जिले की इंद्रगढ़ तहसील के गोहाटा गांव से जुड़ेगा। इसके माध्यम से कालीसिंध पर निर्मित नवनेरा बैराज से पानी पम्प हाउस से लिफ्ट कर मेज नदी में छोड़ा जाएगा। इसके बाद मैज बैराज से पम्प हाउस व फीडर के जरिए गलवा बांध तक और वहां से बीसलपुर और ईसरदा बांध में पहुंचाया जाएगा। इस एक्वाडक्ट के बनने से आमजन को आवागमन के लिए अतिरिक्त मार्ग भी उपलब्ध होगा।

2280 मीटर लम्बे एक्वाडक्ट की आंतरिक चौड़ाई 41.25 मीटर और ऊंचाई 7.7 मीटर प्रस्तावित है। मई, 2025 में कार्य शुभारंभ के बाद से ही तेजी से कार्य किया जा रहा है।

निर्माण स्थल पर कैंप एवं बैचिंग प्लांट का लगभग 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। एक्वाडक्ट हेतु प्रस्तावित 15 टेस्ट पाइल में से 8 टेस्ट पाइल का कार्य पूर्ण हो चुका है। कुल 5060 वर्किंग पाइल प्रस्तावित हैं, जिनमें से लगभग 860 पाइल का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है। प्रतिदिन 15-20 पाइल का कार्य 12 रिग मशीनों की सहायता से किया जा रहा है। औसतन 500 क्यूबिक मीटर कंक्रीट कार्य प्रतिदिन किया जा रहा है। साइट पर लगातार शिफ्टों में कार्य जारी है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में ईआरसीपी को वृहद स्वरूप देते हुए राम जलसेतु लिंक परियोजना (संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चम्बल लिंक परियोजना) (लगभग 90 हजार करोड़ रूपए) तैयार की गई है। परियोजना के प्रथम चरण में राज्य के 17 जिलों की लगभग 3 करोड़ 25 लाख आबादी को पेयजल सुविधा उपलब्ध होगी। साथ ही, सिंचाई एवं उद्योगों के लिए भी जल उपलब्ध होगा। इससे प्रदेश के आर्थिक एवं सामाजिक विकास को नई दिशा मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान राज्य सरकार के गठन के तुरंत बाद मध्यप्रदेश सरकार से संवाद स्थापित कर सहमति प्राप्त की गई। जनवरी, 2024 में राम जलसेतु लिंक परियोजना (संशोधित पीकेसी योजना) का एमओयू किया। इसके बाद 17 दिसंबर, 2024 को जयपुर में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में राजस्थान, मध्य प्रदेश एवं भारत सरकार के मध्य एमओए का आदान-प्रदान हुआ। यह मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की दूरदृष्टि, समन्वय क्षमता और जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

जल संकट के स्थायी समाधान की दिशा में यह परियोजना प्रदेश के लिए जीवनदायिनी सिद्ध होगी और मुख्यमंत्री शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान जल आत्मनिर्भरता की ओर मजबूती से अग्रसर होगा।

**न्यूज़ अपडेट**

## दिल्ली से बागडोगरा जा रहे विमान को बम से उड़ाने की धमकी, लखनऊ एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग

**लखनऊ/एजेंसी।** दिल्ली से बागडोगरा जा रही इंडिगो एयरलाइंस की एक उड़ान में बम होने की सूचना से रविवार को हड़कंप मच गया। विमान संख्या 6ई 6650 को एहतियातन लखनऊ एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। सूचना मिलते ही एयरपोर्ट प्रशासन, सुरक्षा एजेंसियां और एयरलाइंस प्रबंधन अलर्ट मोड पर आ गए। जानकारी के अनुसार इंडिगो का यह विमान दिल्ली से बागडोगरा के लिए रवाना हुआ था। उड़ान के दौरान विमान में बम होने की सूचना मिली, जिसके बाद पायलट ने तत्काल एयर ट्रैफिक कंट्रोल को इसकी जानकारी दी। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विमान को लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतारने का निर्णय लिया गया। विमान के लखनऊ पहुंचते ही रनवे पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम कर दिए गए। लैंडिंग के तुरंत बाद सुरक्षा कर्मियों ने विमान को चारों ओर से घेर लिया। बम निरोधक दस्ता, सीआईएसएफ और अन्य सुरक्षा एजेंसियों की टीम मौके पर पहुंच गई। सभी यात्रियों और क्रू मेंबर्स को सुरक्षित तरीके से विमान से बाहर निकाला गया। यात्रियों की बारीकी से स्कैनिंग की गई और उनके सामान की

## पार्टी कर लौट रहे युवकों की कार तालाब में गिरी, 3 की मौत

**जगदलपुर/एजेंसी।** क्षेत्र के कालीपुर इलाके में रविवार देर रात एक दर्दनाक सड×क हादसा हो गया. तेज रफ्तार स्कॉर्पियो वाहन अनियंत्रित होकर सड×क से फिसलते हुए सीधे तालाब में जा घुसा. हादसे में स्कॉर्पियो सवार 6 युवकों में से 3 युवकों की डूबने से मौत हो गई, जबकि 3 की जान बचा ली गई. मृतकों की पहचान भावेश नागे, शेखर नागे और मनीष नेवर के रूप में हुई है. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक वाहन की रफ्तार करीब 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे थी. तेज गति के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और स्कॉर्पियो तालाब में जा गिरी. बताया जा रहा है कि सभी 6 युवकों ने क्रिकेट मैच के बाद जमकर शराब पार्टी की थी. लौटने के दौरान उनकी कार हादसे का शिकार हुई.

### पश्चिम बंगाल में राजनीतिक परिवर्तन के लिए सिंगुर में लोगों से मोदी ने किया आह्वान

# बिहार में रोका, अब बंगाल से तृणमूल का महा जंगलराज होगा विदा : मोदी

नयी दिल्ली । एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के सिंगुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य में राजनीतिक परिवर्तन का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बिहार में भाजपा और एनडीए ने जंगलराज को रोका और अब पश्चिम बंगाल भी तृणमूल कांग्रेस के महा जंगलराज को विदा करने के लिए तैयार है।

यहां एक राजनीतिक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने विकास, सुशासन और सुरक्षा को लेकर मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में समर्थन मांगा। उन्होंने एक बार फिर सुरक्षा और घुसपैठ का मुद्दा उठाते हुए कहा कि तृणमूल कांग्रेस की सरकार घुसपैठियों को संरक्षण देती है और फर्जी दस्तावेज बनाए जाते हैं। अब समय आ गया है कि घुसपैठ रोकी जाए और अवैध रूप से बसे लोगों की पहचान कर उन्हें वापस भेजा जाए। उन्होंने मतदाताओं से कहा कि उनका एक-एक वोट इस बदलाव को संभव बना सकता है।

उन्होंने शिक्षा, महिला सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को लेकर भी तृणमूल पर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था माफिया और भ्रष्टाचार के कब्जे में है और



महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं हैं। उन्होंने राज्य के लोगों से आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को वोट देने की अपील करते हुए कहा कि इससे हिंसा, अपराध और भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी। उन्होंने सिंडिकेट टैक्स और माफियावाद खत्म करने की भी बात कही।

सभा में प्रधानमंत्री ने मछुआरों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि बंगाल में लाखों परिवार मछली व्यवसाय से जुड़े हैं और निर्यात की अपार संभावनाएं हैं। इसके लिए मछुआरों को सहायता और बेहतर तकनीक की जरूरत है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने देशभर के मछुआरों के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म बनाया है, जिस पर राज्य सरकारों को पंजीकरण कराना है लेकिन बंगाल में इस प्रक्रिया पर रोक लगी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल सरकार सहयोग नहीं कर रही, जिससे मछुआरों को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

भाजपा नेता ने कहा कि बंगाल में भाजपा की डबल इंजन सरकार जरूरी है। उन्होंने दावा किया कि जहां-जहां ऐसी सरकारें हैं, वहां केंद्र की योजनाओं के तहत बेहतर काम हुआ है। उन्होंने दिल्ली का उदाहरण देते हुए कहा कि पहले वहां की सरकार आयुष्मान भारत योजना लागू नहीं कर रही थी लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद गरीबों को मुफ्त इलाज मिल रहा है। उन्होंने कहा कि बंगाल की जनता भी तृणमूल सरकार को सबक सिखाने का मन बना चुकी है। प्रधानमंत्री ने बांग्ला भाषा और साहित्य की समृद्ध परंपरा की चर्चा करते हुए

### भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण की दिशा में अहम कदम

## संतरागाछी से तीन नयी अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की शुरुआत

कोलकाता । एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोलकाता के नजदीक संतरागाछी रेलवे स्टेशन से रविवार को वर्चुअल माध्यम से हरी झंडी दिखा कर तीन नयी अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को रवाना किया। इस मौके पर रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू मौजूद रहे। रेल राज्य मंत्री ने अमृत भारत ट्रेन में पहली बार यात्रा करने पहुंचे बच्चों से भी संवाद किया।

रवनीत सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोलकाता के संतरागाछी से तीन अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण की दिशा में अहम कदम है। इन नई सेवाओं में संतरागाछी-तांबरम अमृत भारत एक्सप्रेस चार राज्यों को जोड़ते हुए 26 स्टेशनों पर ठहरेगी, जिससे पूर्व और दक्षिण भारत के बीच संपर्क और मजबूत होगा। सियालदह-बनारस अमृत भारत एक्सप्रेस 11 ठहरावों के साथ प्रमुख धार्मिक और सांस्कृतिक केंद्रों को जोड़ेगी। वहीं, हावड़ा-आनंद विहार टर्मिनल अमृत भारत एक्सप्रेस हावड़ा-दिल्ली जैसे व्यस्त रूट पर यात्रियों के लिए किफायती और सुविधाजनक यात्रा विकल्प उपलब्ध कराएगी।

रवनीत ने कहा कि अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को इस तरह डिजाइन किया गया है कि इनमें जनरल और स्लीपर श्रेणी के कोचों की संख्या अधिक हो, जिससे आम यात्रियों को किफायती किराए पर सुरक्षित और आरामदायक यात्रा मिल सके।

इन आधुनिक कोचों में बेहतर राइडिंग क्वालिटी, मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट्स और मॉड्यूलर शौचालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं, जो यात्रियों के अनुभव को और बेहतर बनाती हैं। प्रीमियम ट्रेनों और पारंपरिक मेल/एक्सप्रेस सेवाओं के बीच की दूरी को पाटते हुए अमृत भारत एक्सप्रेस समाज के व्यापक वर्ग को मूल्य के अनुरूप बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करती है।

## लातेहार में आरक्षित बस दुर्घटनाग्रस्त

### पांच लोगों की मौत, 25 से अधिक घायल



लातेहार । एजेंसी

लातेहार जिले के महुआडांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ओरसा घाटी में रविवार को एक आरक्षित बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में कम से कम पांच लोगों की मौत होने की आशंका जताई जा रही है, जबकि 25 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। घायलों को इलाज के लिए विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। हालांकि, मृतकों की संख्या की प्रशासनिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई है। जानकारी के अनुसार, छत्तीसगढ़ के बलरामपुर से कुछ लोग शादी-विवाह के रिश्ते के सिलसिले में एक बस रिजर्व कर महुआडांड़ प्रखंड के लोध गांव आ रहे थे। इसी दौरान ओरसा घाटी के पास बस अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि बस पर सवार लगभग सभी यात्री घायल हो गए, जिनमें कई की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम विपिन कुमार दुबे के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया गया। घायलों को एंबुलेंस के साथ-साथ स्थानीय लोगों के निजी वाहनों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। इस संबंध में एसडीएम विपिन कुमार दुबे ने बताया कि दुर्घटना के बाद सभी घायलों को अस्पताल पहुंचा दिया गया है और चिकित्सकों द्वारा उनकी जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि चिकित्सकीय जांच पूरी होने के बाद ही मृतकों और घायलों की संख्या को लेकर आधिकारिक जानकारी साझा की जाएगी। फिलहाल प्रशासन पूरे मामले की निगरानी कर रहा है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

**बलरामपुर से महुआडांड़ प्रखंड के लोध गांव आ रही थी बस**

# यूपी को मेडिकल टेक्नोलॉजी और हेल्थकेयर का वैश्विक केंद्र बनाने की दिशा में निर्णायक कदम : योगी

**लखनऊ/एजेंसी।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को राजधानी लखनऊ में यूपी हेल्थटेक कॉन्क्लेव 1.0 का शुभारंभ करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश केवल 25 करोड़ की आबादी वाला राज्य नहीं, बल्कि देश और पड़ोसी राज्यों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करने वाला सबसे बड़ा केंद्र बन चुका है। सरकार प्रदेश को मेडिकल टेक्नोलॉजी, हेल्थकेयर इनोवेशन और फार्मा मैन्युफैक्चरिंग का राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि वैश्विक हब बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में बीते पौने नौ वर्षों में स्वास्थ्य क्षेत्र में जो ऐतिहासिक परिवर्तन हुए हैं, उनके परिणाम अब ज़मीनी स्तर पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज देश के सबसे बड़े हेल्थकेयर कंज्यूमर मार्केट के रूप में 35 करोड़ से अधिक लोगों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं का



भार वहन कर रहा है। वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में सरकारी और निजी क्षेत्र को मिलाकर केवल 40 मेडिकल कॉलेज थे, जबकि आज 81 मेडिकल कॉलेज पूरी तरह क्रियाशील हैं। इसके साथ ही दो एम्स, 100 से अधिक जिला अस्पताल, सैकड़ों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स की सुदृढ़ श्रृंखला खड़ी की गई है, जिससे दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों तक निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंच रही हैं। सरकार का लक्ष्य केवल इमारतें खड़ी करना नहीं था, बल्कि ऐसी व्यवस्था बनाना था, जिसमें अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी सम्मानजनक इलाज मिल सके।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना लागू होने से पहले गंभीर बीमारी की स्थिति में गरीब परिवार भय और आर्थिक संकट में डूब जाता था। आज प्रदेश में 5.5 करोड़ परिवारों को आयुष्मान गोल्डन कार्ड जारी किए जा चुके हैं, जिनके माध्यम से प्रति परिवार पांच लाख रुपये तक की निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जो पात्र परिवार किसी कारणवश इस योजना से वंचित रह गए, उन्हें मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत कवर किया गया है। प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों, जिला अस्पतालों, सीएचसी, पीएचसी और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स में बिना किसी भेदभाव के निःशुल्क इलाज सुनिश्चित किया जा रहा है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधारों के चलते मातृ एवं शिशु मृत्युदर में उल्लेखनीय गिरावट आई है और संस्थागत प्रसव राष्ट्रीय औसत के समकक्ष पहुंच चुका है।

# कबूतर बाजों के चक्कर में पैसा और जीवन गंवा रहे युवा

विदेश मे जाकर नौकरी रोजगार कर बेशुमार दौलत कमाने का सपना किसे अच्छा नही लगता है? हर कोई चाहता है कि वह अच्छे पैसे कमाए और बेहतर जीवन जीए। इसी आशा में अपने सुखद भविष्य के सपने संजोकर अनेक युवा किसी भी तरीके से विदेश पहुंचने की कोशिश करते रहते हैं परंतु उनमें से अनेक युवक जालसाज ट्रैवल एजेंटों के हाथों ठगी का शिकार हो रहे हैं जिनकी मात्र इसी महीने के 4 दिनों में सामने आई घटनाएं निम्न में दर्ज हैं :

14 जनवरी मेरठ शहर के आजाद चौक व कांधला क्षेत्र के छह युवकों को सिंगापुर और मलेशिया में मल्टीनेशनल कंपनी में नौकरी का झांसा देकर 26 लाख रुपये की ठगी कर ली गई। यही नहीं, दो युवकों को फर्जी कागजात के आधार पर मलेशिया भेज दिया गया, जहां उन्हें 15 दिन तक बंधक बनाकर रखा गया। तीन जनवरी को दोनों युवक किसी तरह भारत लौटे। पीड़ितों ने एसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। एसपी ने मामले की जांच शुरू करा दी है।

14 जनवरी नोएडा पुलिस ने विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर युवाओं को ठगने और साइबर अपराधियों के हवाले करने वाले फर्जी एजेंट शुभम को गिरफ्तार किया है. आरोपी सोशल मीडिया के जरिए पीड़ितों से पैसे वसूल करता था और उन्हें थाईलैंड, म्यांमार में साइबर स्लेवरी में फंसा देता था. पुलिस आरोपी के नेटवर्क और अन्य सहयोगियों की गहन जांच कर रही है.

14 जनवरी को ही दुबई में फंसे उत्तराखंड रुद्रपुर के चार युवकों ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर पुलिस से गुहार लगाई है. जिसके बाद एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने मामले की जांच सौंपते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए हैं.

4 जनवरी, 2026 को 'सहारनपुर' (उत्तर प्रदेश) में एक एजेंट द्वारा विदेश जाने के इच्छुक युवक को अमरीका पहुंचाने का वायदा करके उससे 60 लाख रुपयों की ठगी करने का मामला सामने आया। शिकायतकर्त्ता के अनुसार पहले उसे दुबई ले जाया गया और वहां से अजरबैजान भेज दिया।

6 जनवरी को 'जम्मू' में 'अनिल किशोर' नामक एक पीड़ित ने एक ट्रैवल एजैंट मां-बेटे के विरुद्ध शिकायत दर्ज करवाई कि आरोपियों ने उसे 'कम्बोडिया' का वर्क वीजा दिलाने के नाम पर उससे 1.20 लाख रुपए लिए थे परंतु न तो वीजा दिलवाया और न ही रकम वापस की गई।

6 जनवरी को ही 'नवादा' (बिहार) में 'एजाजुल हसन' नामक युवक ने विदेश भेजने का झांसा देकर उससे 1 लाख 30 हजार रुपए ठगने के आरोप में ठग ट्रैवल एजैंट के विरुद्ध पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई।

6 जनवरी को ही 'फतेहपुर' (उत्तर प्रदेश) में एक युवक को विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर उससे 1.40 लाख रुपए ठग लेने के आरोप में एक ठग ट्रैवल एजैंट को गिरफ्तार किया गया।

7 जनवरी को 'हमीरपुर' (हिमाचल प्रदेश) के भोरंज में विदेश में नौकरी दिलवाने के नाम पर एक युवक से ठगी का मामला सामने आया। आरोप है कि बोगस ठग ट्रैवल एजैंट ने उक्त युवक को 'थाईलैंड' में अच्छी नौकरी दिलवाने का लालच देकर वहां भेजने की बजाय 'म्यांमार' भेज दिया।

7 जनवरी को ही एक व्यक्ति ने 'चंडीगढ़' के सैक्टर 17 थाने में 'कनाडा' का वर्क परमिट दिलाने का झांसा देकर उससे 18 लाख रुपए की ठगी करने के आरोप में एक ट्रैवल एजैंट के विरुद्ध शिकायत दर्ज करवाई।

7 जनवरी को ही 'पंचकूला' (हरियाणा) में 'एंटी इमीग्रेशन फ्राड यूनिट' ने शिकायतकर्ता को स्टडी वीजा दिलाने का झांसा देकर उससे 13 लाख रुपए ठग लेने के आरोप में एक बोगस ट्रैवल एजैंट को गिरफ्तार किया।

7 जनवरी को ही 'कौशाम्बी' (उत्तर प्रदेश) में एक व्यक्ति को विदेश भेजने के बहाने उससे 60,000 रुपए ठग लेने के आरोप में पुलिस ने एक ठग ट्रैवल एजेंट के विरुद्ध केस दर्ज किया। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपी ने उसे विदेश नहीं भेजा और अपने पैसे वापस मांगने पर गंभीर परिणामों की धमकियां देनी शुरू कर दीं।

7 जनवरी को ही 'प्रयागराज' (उत्तर प्रदेश) में एक युवक को 'सऊदी अरब' में नौकरी दिलवाने के बहाने एक ट्रैवल एजैंट द्वारा उससे 1.25 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया। आरोपी ने न तो उसे वीजा दिलवाया और न ही नौकरी दिलवाई तथा बाद में उसका फोन उठाना भी बंद कर दिया।

7 जनवरी को ही 'गोपालगंज' (बिहार) में पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने छापेमारी करके विदेश में नौकरी दिलवाने का झांसा देकर लोगों को ठगने वाले एक फर्जी ट्रैवल एजेंट 'मृत्युंजय सिंह' को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 349 भारतीय पासपोर्ट बरामद किए।

ये तो सिर्फ चंद घटनाओं की बानगी है आजकल रोजाना सैकड़ों युवाओं से विदेश में पढ़ाई रोजगार के नाम पर ठगी का बड़ा धंधा चल रहा है। ऐसी घटनाओं के दृष्टिगत जरूरी है कि विदेश जाने के इच्छुक लोग पहले संबंधित कम्पनी, एजेंट और दस्तावेजों की पूरी जांच-पड़ताल अवश्य करें और केवल अधिकृत एवं पंजीकृत एजेंटों के माध्यमों से ही विदेश जाएं। इमीग्रेशन नियमों में हो रही सख्ती और बिगड़ रही अर्थव्यवस्था के कारण वैसे भी विदेश में बसना मुश्किल हो गया है। कनाडा और अमरीका के अलावा यूरोप में भी इमीग्रेशन कानून सख्त हो रहे हैं। अतः जितनी रकम माता-पिता अपने बच्चों को विदेश भेजने पर खर्च करते हैं, उतनी ही रकम भारत में खर्च कर- के वे अपने बच्चों को अच्छा कारोबार शुरू करवा दें ताकि वे अपने साथ-साथ दूसरों के लिए भी रोजगार व आय के साधन पैदा करके देश में बेरोजगारी दूर कर सकें।जरा सा असावधानी से न सिर्फ माँ बाप के खून पसीने की कमाई जालसाज हड़प लेंगे वरन विदेश पहुच कर साइबर स्लेवरी के शिकार भी बन सकते हैं वहा हजारों पढे लिखे नौजवान संडास की सफाई और जबरन युद्ध के मैदान मे भी उतार दिए गए हैं जिस कारण उनका सुरक्षित वापस लौटना भी भगवान भरोसे है।

# 'मनरेगा' और 'विकसित भारत जी राम जी'



हृदयनारायण दीक्षित

कांग्रेस 'मनरेगा बचाओ संग्राम' अभियान चला रही है। कांग्रेस बीते 11 वर्षों से सत्ताहीन है। अच्छी बात है कि कांग्रेस ने केन्द्र का विरोध करने के लिए सड़क पर आने का निर्णय लिया है। रोजगार योजनाएं गरीबों की आय बढ़ाने की दृष्टि से चलाई गई हैं। कोई भी व्यवस्था जड़ नहीं होती। देशकाल की गति में जीर्ण-शीर्ण और पुराना विस्थापित होता है। नया उसकी जगह लेता रहता है। भाजपा ने कांग्रेस को विस्थापित किया। वह पुरानी होने के साथ-साथ ध्येयनिष्ठ भी नहीं रही। जन समर्थन घटा। भाजपा ने कांग्रेस को विस्थापित कर दिया। कांग्रेस मनरेगा को लेकर अपना रोना रो रही है। मनरेगा में कानूनी तौर पर रोजगार पाने की गारंटी थी लेकिन प्रमुख विपक्षी दल होने के बावजूद वह नए वी.बी.जी राम जी एक्ट का विरोध कर रही है। देखना यह चाहिए कि राजग सरकार द्वारा लाए गए नए अधिनियम की अच्छाइयां बुराइयां क्या हैं? आइए नए अधिनियम वी.बी.जी राम जी की खास विशेषताएं जान लें। इस अधिनियम द्वारा ग्रामीण परिवारों के लिए कानूनी रूप से गारंटीकृत कार्य दिवसों को 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन प्रतिवर्ष कर दिया गया है। अभी तक लागू कानून में मजदूरी देने की कोई सुनिश्चित अवधि नहीं थी। लेकिन नए अधिनियम में 15 दिन के भीतर मजदूरी का भुगतान जरूरी बताया गया है। ऐसा न किए जाने पर मजदूरों को पांच प्रतिशत की दर से प्रतिदिन ब्याज मिलेगा। रोजगार प्राप्त करने के 15 दिनों के भीतर काम न मिलने पर भी बेरोजगारी भत्ता देने का प्रावधान किया गया है।

भारत में शिक्षित बेरोजगारों की संख्या लगातार बढ़ी है। ग्रामीण क्षेत्रों का बड़ा हिस्सा मजदूरी के लिए महानगरों की ओर रुख करता है। सड़क के किनारे सोता है। सुबह प्रतीक्षा करता है कि कोई मकान बनाने वाला, दुकान चलाने वाला उसको दिनभर का काम दे दे। गांव में रोजगार के अवसर नहीं हैं। खेत मजदूर की मोलभाव करने की क्षमता नहीं होती है। बड़े-बड़े महानगरों में मजदूरों के मार्केट लगते हैं। वहां से लोग कम पैसे में तय करके मजदूर लाते हैं। ग्रामीण क्षेत्र के मजदूरों की व्यथा सिर्फ आंकड़ों से नहीं जानी जा सकती। ताजा 'वी बी राम जी' योजना ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगारों के लिए सुखद आश्वासन है। भारत कृषि प्रधान देश है। कृषि अभी भी घाटे का सौदा है। पीछे लगभग 28 वर्षों से किसानों को किसान क्रेडिट योजना के माध्यम से कृषि कार्य के लिए ऋण दिया जाता है। योजना अच्छी है। ऋण लेकर बुवाई आदि के सीजन में खाद-पानी देने के लिए पूँजी उपलब्ध कराने की योजना अच्छी है। तमाम योजनाएं अच्छी तो हैं लेकिन किसानों को उनकी जानकारी नहीं है। गांव में रोजगार के अवसर नहीं हैं। पढ़े-लिखे युवा भी शहर भागते हैं।




रोजगार योजनाओं का इतिहास दिलचस्प है। यह योजना सबसे पहले स्थानीय कठिनाइयों के चलते साल 1970 में महाराष्ट्र में लागू हुई थी। तब इसे 'महाराष्ट्र रोजगार गारंटी योजना' कहा गया। साल 1980 में भारत की पहली केन्द्रीयकृत योजना लागू हुई। भ्रष्टाचार के कारण योजना का लाभ नहीं मिला। योजनाओं का धन बिचौलिए मार देते थे। इसके बाद गाजे-बाजे के साथ आई जवाहर रोजगार योजना। यह भी अपने उद्देश्यों में असफल रही। इसका फिर नाम बदला और इसे 'नरेगा' नाम से जाना गया। फिर साल 2008 में यह 'मनरेगा' हो गई। ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की योजनाएं इसी तरह असफल होती गईं।

भारत की मिट्टी में उपजाऊ शक्ति ज्यादा है। कृषि कार्य में गरीब परिवार जुटे रहते हैं। सभी सदस्य काम करते हैं। तब किसी प्रकार गरीब परिवार चलता है। बुवाई और फसल कटाई के समय के दौरान 60 दिनों का अवकाश रखा गया है। इससे लाभ यह होगा कि कृषि कार्यों के लिए भी श्रमिकों की उपलब्धता सुनिश्चित रहेगी।

ग्राम सभाएं बुनियादी लोकतांत्रिक संस्थाएं हैं। ग्राम स्वराज गांधीजी का स्वप्न था। भारत की संविधान सभा में ग्राम पंचायत के गठन पर लंबी बहस हुई थी। ज्यादातर सदस्यों ने ग्राम पंचायत को स्वायत्तशासी और आत्मनिर्भर बनाने का आग्रह किया था। डॉ. आम्बेडकर ने कहा था कि, ''ग्राम पंचायतें मेरे विचार से स्थानीय कलह का अड्डा होंगी।'' पीछे 10-12 साल में सरकारी स्तर पर ग्राम पंचायतों को विकसित और समृद्ध बनाने की मद पर भारी व्यय हुआ है। निःसंदेह कहीं-कहीं कुछ ग्राम पंचायतों ने बहुत अच्छा काम किया है लेकिन तमाम ग्राम सभाओं द्वारा विकास कार्यो की धनराशि को हड़पने का भी काम किया है। विकसित ग्राम पंचायत योजना का विकास स्थानीय संस्थाओं द्वारा किया जाना है। ये सब करने के लिए समय-समय पर प्रशासनिक खर्च भी आता है। योजनाओं के ठीक से कार्यान्वयन में व्यय होने वाले धन को 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 9 प्रतिशत कर दिया गया है। वैसे तो इस योजना का उद्देश्य लोगों को रोजगार देना है। गांव में सरकारी स्तर पर सेवा देने वाले कोई कार्यालय नहीं हैं। उत्तर प्रदेश जैसे कुछ राज्यों में पंचायत भवन बनाए गए हैं। इसके लिए अलग बजट का प्रावधान करना होता है। ऐसी संपत्ति का निर्माण इसी रोजगार अधिनियम के अंतर्गत चार मुख्य क्षेत्र में केन्द्रित किया गया है।

रोजगार योजना के धन से ग्रामीणों को रोजगार मिलेगा। खेत मजदूर पलायन नहीं करेंगे और श्रमिकों को रोजगार मिलेगा और इसी धन से जल संरक्षण जैसे कार्य किए जा सकेंगे। जल आपूर्ति को लेकर अक्सर शिकायतें रहती हैं। उत्तर प्रदेश में अनेक जिले प्रदूषित जल के कारण पेयजल संकट में हैं। उत्तर प्रदेश के उन्नाव जनपद में बलाई, निबई, टिकरी गणेश, आटा, सुपासी, रामचरामऊ, लखापुर, बंथर, अनूपपुर, खटुहा नौगवा, रिठानई, बण्ड हमीरपुर, सलेथू, गढ़ाकोला, कतहर आदि गांवों में सरकार ने स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था की है। लेकिन काम अभी बाकी है। जल की आवश्यकता को लेकर ही इंदौर में काफी बवाल हुआ है। कांग्रेस ने इंदौर में आंदोलन किया। इन पंक्तियों के प्रेस में जाने तक राहुल गाँधी कुछ लोगों के साथ इंदौर में प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'हर घर नल' नामक महत्वाकांक्षी योजना और उसका क्रियान्वयन किया। जल निकासी की योजना भी इसी धन से बनाई जा सकेगी। जरूरत इस बात की है कि वीबी जी राम जी के ठीक से अनुपालन के लिए विकासखण्ड स्तर पर सक्षम अधिकारियों की टीम गठित की जानी चाहिए। इस टीम को कार्यदायी संस्थाओं का मार्गदर्शन करना चाहिए। साथ में गलती होने पर चेतावनी और दुरुपयोग पर कार्यवाही भी करना चाहिए। वीबी जी राम जी योजना में जल संरक्षण और जल सम्बन्धी अन्य कार्य होंगे। गांव में स्थानीय स्तर पर बुनियादी ढांचा, गांव की सड़क और संपर्क के साधन विकसित करना भी इस योजना का अंग है। पंचायती राज संस्थाएं अपना काम ठीक से नहीं कर पा रही हैं। कृषि क्षेत्र में रोजगार के अवसर कम हैं। कृषकों के पास कृषि कार्य के लिए जरूरी पूंजी का अभाव रहा। सरकारों ने इस समस्या को चिन्हित कर लिया। त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव, वोट के बदले नोट योजना में फंसे हैं। क्षेत्र पंचायत प्रमुख, जिला पंचायत अध्यक्षों के चुनाव में करोड़ों रुपए का लेनदेन होता है। बहुत समय से मांग की जा रही है कि पंचायती राज के चुनाव आम मतदाता से कराए जाएं लेकिन ऐसा हो नहीं पा रहा है। जो लाखों करोड़ों रुपए देकर पद पाए हैं या चुनाव जीते हैं, वह उस धनराशि की वसूली भी करते हैं। केन्द्र में योजनाओं के क्रियान्वयन की इच्छाशक्ति है। विश्वास है कि योजना सफल होगी।

**(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**


# हिंदू होने का मर्म है विविधता में एकता और आत्मभूतेषु भाव



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

भारत एक देश होने के साथ ही एक चेतना है, एक संस्कार है, एक जीवन दृष्टि है। यह वह भूमि है जहां हजारों वर्षों से मानवता को जीने की कला सिखाई गई, जहां विविधता को शक्ति के रूप में देखा गया और जहां अंतःचेतना को ही एकता के लिए समाज की आधारशिला बनाया गया। इसी भारत के स्व को स्वर देते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने आज जो कहा है, वह हम सभी के लिए गहन रूप से विचारणीय है। वस्तुतः ये भारत के अतीत, वर्तमान और भविष्य को जोड़ने वाला वैचारिक उद्घोष है। जिसमें कि उनके शब्द हर हिंदू, हर सनातनी और हर भारतवासी के भीतर यह भाव जगाते हैं कि इस राष्ट्र का चरित्र हमारे आचरण से बनता है और इसकी जिम्मेदारी हमारे कंधों पर है।

डॉ. भागवत का यह कथन है कि भारत एक भौगोलिक इकाई से ऊपर एक चरित्र है, जोकि भारतीय सभ्यता के मूल स्वभाव को रेखांकित करता है। भारत की पहचान उसकी सीमाओं से अधिक उसके संस्कारों से है। यदि भारत में कुछ अच्छा होता है तो उसका श्रेय भी हिंदू समाज को जाता है और यदि कुछ गलत होता है तो उत्तरदायित्व भी उसी पर आता है। कहना होगा कि भागवत जी का ये कथन किसी श्रेष्ठता का दावा नहीं है, वस्तुतः एक गहन दायित्वबोध है। यह हमें स्मरण कराता है कि बहुसंख्यक होना अधिकार नहीं, उत्तरदायित्व है। हिंदू समाज की परंपरा मूलतः समावेशी रही है। यहां कभी एकरूपता थोपने का प्रयास नहीं हुआ। यहां विचार, पूजा पद्धति, जीवन शैली, भाषा और खानपान की असंख्य धाराएं साथ-साथ बहती रहीं और ये सतत है। किसी ने शंकर को पूजा, किसी ने राम को, किसी ने शक्ति को, किसी ने निराकार को, फिर भी समाज बिखरा नहीं। यही कारण है कि भारत में शैव, वैष्णव, शाक्त, बौद्ध, जैन और सिख परंपराएं टकराव नहीं, सह-अस्तित्व का उदाहरण बनीं। डॉ. भागवत जब कहते हैं कि हिंदू समाज ने विविधता को कभी संघर्ष का कारण नहीं बनने दिया, तो वे इतिहास के सत्य को दोहराते हैं। सदियों के आक्रमण, शोषण और सांस्कृतिक आघातों के बावजूद भारत की मूल चेतना सुरक्षित रही क्योंकि उसका आधार समावेश है। भारत की विविधता में एकता सिर्फ आदर्श वाक्य नहीं है, यह भारत का चरित्र और सामाजिक यथार्थ है। 2011 की जनगणना बताती है कि देश में 22 आधिकारिक भाषाएं हैं और हजारों बोलियां जीवित हैं। समाजशास्त्रीय अध्ययनों के अनुसार चार हजार से अधिक जाति और उपजातीय समूह भारत में मौजूद हैं, फिर भी एक सांस्कृतिक सूत्र पूरे समाज को बांधे रखता है। दीपावली, होली, रामनवमी, मकर संक्रांति जैसे पर्व किसी एक वर्ग के नहीं, पूरे समाज के उत्सव बन जाते हैं। यही वह भारत है, जहां भिन्नता के बावजूद एकत्व का अनुभव होता है। वर्ष 2021 के प्यू रिसर्च अध्ययन में यह तथ्य सामने आया कि भले ही सामाजिक संरचनाओं में अभी चुनौतियां हैं, लेकिन समरसता और समानता की दिशा में प्रयास निरंतर बढ़ रहे हैं। कहना होगा कि इस समावेशिता की जड़ें भारतीय दर्शन में हैं। उपनिषदों का आत्मभूतेषु भाव, अर्थात सभी प्राणियों में एक ही आत्मा का दर्शन, हिंदू चिंतन की रीढ़ है। सर्वं खल्विदं ब्रह्म और अहं ब्रह्मास्मि जैसे महावाक्य व्यक्ति को धार्मिक के साथ ही उसे सामाजिक रूप से भी उदात्त बनाते हैं। जब मनुष्य सभी में स्वयं को देखने लगता है, तब भेदभाव स्वतः समाप्त होने लगता है। डॉ. भागवत का जाति, भाषा और व्यवसाय से ऊपर उठकर मित्रता करने का आह्वान इसी दर्शन का सामाजिक रूपांतरण है। यह वास्वत में व्यवहारिक सामाजिक सुधार का मार्ग है।



यहां यह भी बताना होगा कि हिंदूत्व का यह दर्शन अध्यात्म तक सीमित नहीं है। यह शासन, समाज और अर्थव्यवस्था तक बहुत विस्तृत है। इसी क्रम में डॉ. भागवत का आत्मनिर्भरता पर जोर अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्थानीय उत्पादों के उपयोग का आग्रह आर्थिकता के साथ ही सांस्कृतिक स्वाभिमान से जुड़ा विषय है। आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत मार्च 2025 तक 1.76 लाख करोड़ रुपये का निवेश, 16.5 लाख करोड़ रुपये का उत्पादन और बिक्री तथा लगभग 12 लाख रोजगार सृजित हुए हैं। यह आंकड़े बताते हैं कि आत्मनिर्भरता राष्ट्रीय पुनर्निर्माण की ठोस प्रक्रिया है। उन्होंने वैश्वीकरण को वैश्विक बाजार के बजाय वैश्विक परिवार के रूप में देखने की बात कही है। यह वही दृष्टि है, जिसने भारत को वसुधैव कुटुंबकम् का संदेश दिया। भारत सदियों से अपने नागरिकों को सशक्त बनाकर विश्व के साथ संतुलित संबंध बनाने वाला राष्ट्र रहता आया है। आत्मनिर्भरता का अर्थ आत्मबल के साथ विश्व से जुड़ना है।

हिंदू समाज में एकता के संदर्भ में डॉ. भागवत का संदेश स्पष्ट और दृढ़ है। यह समाज के प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। संघ पहल करेगा, मार्गदर्शन देगा, किंतु नेतृत्व समाज को स्वयं करना होगा। भगवान राम का उदाहरण यह सिखाता है कि संवाद, धैर्य और मर्यादा भारतीय परंपरा का मूल है, किंतु जब अन्याय सीमा लांघ जाए, तब दृढ़ता भी आवश्यक है। यह संतुलन ही भारतीय चरित्र की पहचान है।

आज जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की दैनिक शाखा, साप्ताहिक मिलन और मासिक मंडली को मिलाकर संख्या देढ़ लाख से अधिक हो चुकी है और सामाजिक समरसता के प्रयास व्यापक रूप ले रहे हैं, तब यह स्पष्ट होता है कि समाज जाग रहा है। जातिगत भेद, आंतरिक विभाजन और हीनभावना को त्यागकर संगठित होना ही भारत की शक्ति का मूल है। संगठित समाज ही सांस्कृतिक निरंतरता, सामाजिक स्थिरता और राष्ट्रीय सुरक्षा की गारंटी बनता है। अंततः भारत के लिए हिंदू होने का अर्थ किसी संकीर्ण पहचान में सीमित होना नहीं है। यह एक जीवन दृष्टि है, जो विविधता को सम्मान देती है, आत्मभूतेषु भाव से सभी में एकात्मता देखती है और आत्मनिर्भरता के माध्यम से राष्ट्र को सशक्त बनाती है। वस्-तुतः आज डॉ. मोहन भागवत के कथन इसलिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे हमें स्मरण कराते हैं कि भारत का भविष्य किसी और के हाथ में नहीं, हमारे अपने आचरण में निहित है। यदि हिंदू समाज अच्छे, दृढ़ और ईमानदार बनने का संकल्प लेता है तो भारत का चरित्र स्वतः उज्ज्वल होगा। यही हिंदूत्व का मर्म है, यही सनातन का संदेश है और यही भारत का गौरव भी है।

# अमन-शांति, सुरक्षा और प्रगति के लिए आपसी संवाद जरूरी



प्रो. जसीम मोहम्मद

पिछले दिनों राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपालजी को सुनने का अवसर मिला। उन्होंने स्पष्ट रूप से इस बात पर ज़ोर दिया कि हिंदू-मुसलमानों के बीच आपसी संवाद का मकसद मुसलमानों को आरएसएस के नज़रिए को मानने के लिए बाध्य करना नहीं है, बल्कि उनकी चिंताओं और कठिनाइयों को ईमानदारी से समझना है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि भारतीय समाज की संवाद परंपरा यह मानती है कि हर तर्क में कुछ सचाई होती है। आपस में सिर्फ़ एक-दूसरे पर आरोप लगाने या अलग-अलग पक्षों द्वारा सांप्रदायिक उन्माद की घटनाओं का उल्लेख करने से कुछ हासिल नहीं होता। उन्होंने यह उल्लेख किया कि सांप्रदायिक तनाव की असली जड़ "दूसरों को अलग-थलग करने" में है, जबकि समावेशी स्वरूप में समाज को एकजुट करने की शक्ति है। उन्होंने कहा कि सांप्रदायिक घटनाएं कारण नहीं बल्कि लक्षण हैं। हिंदुओं से भी शिकायतें हैं, उनमें भी कमियां है, जिन्हें ईमानदारी और पारदर्शिता से दूर किया जाना चाहिए। उन्होंने सवाल किया कि असल में युवा पेशेवरों को कौन कट्टरपंथी बनाता है? उन्होंने चेतावनी दी कि चरमपंथी घटनाओं के बाद अक्सर निर्दोष मुसलमानों को गलत तरीके से निशाना बनाया जाता है- जैसे किराए आदि पर उन्हें घर देने से मना करना या पेशेवर जाँच। इनसे अविश्वास और गहरा होता है और अनसुलझी ऐतिहासिक शिकायतें फिर से उभर आती हैं। यह मानते हुए कि ज़्यादातर मुसलमान राष्ट्रवादी हैं, उन्होंने कहा कि कुछ लोग इस पहचान को खुले तौर पर ज़ाहिर करने में हिचकिचाते हैं। इस अवसर पर कृष्णगोपाल जी ने जवाहरलाल नेहरू के सन् 1948 ई. में अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में भारत की साझा सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करने के आह्वान को याद किया। उन्होंने यह कहते हुए बात खत्म की कि इतिहास को मिटाया नहीं जा सकता। संवाद में हिस्सा लेनेवाले सिर्फ़ उत्प्रेरक का काम कर सकते हैं। सच्ची सद्भावना तभी पैदा होगी जब हिंदू और मुसलमान दोनों ईमानदारी और आपसी सद्भावना के साथ आगे आएँगे।

डॉ. कृष्ण गोपालजी का यह विचार स्वाभाविक रूप से हमें एकता के अर्थ के बारे में एक बड़े और ज़्यादा स्थायी सवाल की ओर ले जाता है। अगर संवाद का मकसद 'दूसरों को अलग-थलग करने' को कम करना और शक की जगह समझ पैदा करना है, तो एकता को विश्वास की समानता या तौर-तरीकों की एकरूपता के रूप में परिभाषित नहीं किया जा सकता। इसके बजाय, इसे अलग-अलग धर्मों, विचारों और जीवन जीने के तरीकों वाले लोगों की गरिमा और आपसी सम्मान के साथ एक साथ रहने की क्षमता के रूप में समझा जाना चाहिए। एकता का मतलब ज़रूरी नहीं कि सभी के लिए एक जैसा साझा विचार/प्रार्थना/ जीवनशैली हो बल्कि इसका मतलब है कि हर किसी को यह समझ हो कि जो लोग उनसे अलग सोचते हैं/काम करते हैं और रहते हैं, उनके साथ शांति और आपसी सम्मान से कैसे रहा जाए। इसका एक उदाहरण भारत जैसे देश का है, जहाँ कई अलग-अलग धर्म, संस्कृति, भाषाएं और रीति-रिवाज साथ-साथ मौजूद हैं। हम भारतीयों के लिए समग्र रूप से एकता की भावना के माध्यम से अपने रिश्ते को मज़बूत करना महत्वपूर्ण है, जिससे देश में शांति बनी रहे। समाज में आपसी एकता की कमी से छोटे-मोटे मतभेद गंभीर चिंता या झगड़ों में बदल सकते हैं। इसके विपरीत, अगर लोगों के बीच आपसी एकता और समन्वय का मज़बूत रिश्ता हो, तो वे छोटे-बड़े मतभेदों को समझदारी और इज़्ज़त के साथ सुलझा पाएँगे।

भारत का इतिहास स्पष्ट रूप से दिखाता है कि सामाजिक विविधता कोई कमज़ोरी नहीं है। हज़ारों सालों से इस देश ने अलग-अलग धर्मों और विचारों का स्वागत किया है। हिंदू धर्म, इस्लाम, ईसाई धर्म, सिख धर्म, बौद्ध धर्म, जैन धर्म और कई दूसरी परंपराएँ यहाँ फली-फूली हैं और रोज़मर्रा की ज़िंदगी, खानेपीने, कपड़ों, भाषा और मूल्यों में एक-दूसरे को प्रभावित किया है। यह साझा सभ्यता और संस्कृति का सफर साबित करता है कि भारत में साथ रहना ज़बरदस्ती नहीं है; यह स्वाभाविक है।

एकता और आपसी सम्मान पर यह ज़ोर राष्ट्रीय नेतृत्व के सबसे ऊंचे स्तर पर भी दिखता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बार-बार इस बात पर बल दिया है कि भारत की वास्तविक शक्ति हर नागरिक को धर्म की पूरी आज़ादी देने में है। उन्होंने साफ कहा है कि हर व्यक्ति को बिना किसी ज़बरदस्ती या दबाव के अपनी पसंद का धर्म मानने, बनाए रखने या अपनाने का पूरा-पूरा अधिकार है। साथ ही, उन्होंने मज़बूती से कहा है कि किसी भी धार्मिक समूह को- चाहे वह बहुसंख्यक हो या अल्पसंख्यक, खुलेआम या चुपके से नफ़रत फैलाने या सामाजिक सद्भाव को ज़हर देने का कोई अधिकार नहीं है। यह संतुलित तरीक़ा, जो धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करता है और नफ़रत और बंटवारे के खिलाफ एक साफ लाइन खींचता है, संवैधानिक मूल्यों और सभ्यता की नैतिकता में निहित शासन के दर्शन को दिखाता है। आस्था की स्वतंत्रता और सांप्रदायिक भड़कावे के लिए ज़ीरो टॉलरेंस दोनों पर ज़ोर देकर प्रधानमंत्री ने लगातार अंतर-धार्मिक सद्भाव को शांति, राष्ट्रीय एकता और भारत की लंबी अवधि की प्रगति के लिए एक ज़रूरी स्तंभ के रूप में बढ़ावा दिया है।

सामाजिक समरसता और आपसी सद्भाव को बढ़ावा देने की इसी भावना के साथ आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने भी भारत में अलग-अलग विभिन्न समुदायों के बीच एकता और सम्मान की आवश्यकता के विषय में बात की है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया है कि सामाजिक सद्भाव भारत की एकता और अखंडता की नींव है। हमें विविधता को बाँटना नहीं चाहिए बल्कि अलग-अलग धर्मों और पृष्ठभूमि के लोगों के बीच आपसी संबंधों को और भी मज़बूत करना चाहिए। भागवत ने सभी समुदायों के लोगों से सद्भावना के साथ मिलकर रहने का आग्रह किया है, यह देखते हुए कि सामूहिक सद्भावना और समझ ने भारतीयों को अलग-अलग मान्यताओं और प्रथाओं के बावजूद शांति से एक साथ रहने में मदद की है। यहाँ यह विचारणीय है कि सच्ची शांति का मतलब है कि लोग अपनी पहचान में सुरक्षित महसूस करें। इसका मतलब है कि माता-पिता को अपने बच्चों के लिए डर न हो, पड़ोसी एक-दूसरे पर भरोसा करें और सभी समुदाय स्वयं को सम्मानित महसूस करें। अंतर धार्मिक सद्भाव, शक को कम करके और उसकी जगह समझ पैदा करके सुरक्षा की यह भावना पैदा करता है। जब लोग एक-दूसरे से बात करते हैं, तो डर धीरे-धीरे स्वतः समाप्त हो जाता है। लगातार तनाव के माहौल में उन्नति या प्रगति नहीं हो सकती। जब समुदाय बँटे होते हैं तो विकास के बजाय संघर्ष में ऊर्जा बर्बाद होती है। एक आत्मविश्वासी धर्म बातचीत से खतरा महसूस नहीं करता। ऐतिहासिक दस्तावेज़ एवं घटनाक्रम हमें दिखाते हैं कि सांप्रदायिक सद्भाव वाले सह-अस्तित्व को विभिन्न प्रयासों से बनाए रखना चाहिए, न कि इसे अपने आप बन जाने की अपेक्षा के लिए छोड़ देना चाहिए। अगर संबंधित सभी पक्षों के बीच आपसी रचनात्मक बातचीत का कोई भी अवसर उपलब्ध नहीं है, तो इसके कारण और अधिक गलतफहमियाँ पैदा होंगी। इसलिए, यह ज़रूरी है कि धार्मिक नेता, विद्वान और आम जनता एक-दूसरे के साथ नियमित बातचीत और संवाद करें; यह किसी भी गलतफहमी को बड़े बँटवारे या दरार में बदलने से रोकने में सहायता मिल सकती है।

एक शांतिपूर्ण और एकजुट समाज लोकतंत्र को मज़बूत करता है। लोकतंत्र केवल चुनावों से ही नहीं बल्कि नागरिकों के बीच आपसी समझ और सम्मान से भी जीवित रहता है। जब लोगों को लगता है कि उनके धर्म और पहचान का सम्मान किया जाता है तो वे राष्ट्र के सामाजिक जीवन में ज़्यादा सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। इसलिए, अंतर धार्मिक सद्भाव लोकतांत्रिक स्थिरता और राष्ट्रीय अखंडता का समर्थन करता है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## संक्षिप्त समाचार

### निवर्तमान महापौर कुसुम यादव ने किया आरएससीआइटी और आरएससीएफ़ए महिला बैच का शुभारंभ



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** रामगढ़ मोड़ स्थित रॉयल कंप्यूटर संस्थान में महिलाओं के लिए आरएससीआइटी और आरएससीएफ़ए कम्प्यूटर कोर्स बैच का शुभारंभ निवर्तमान महापौर कुसुम यादव ने फीता काटकर किया। निवर्तमान महापौर कुसुम यादव ने विद्यार्थियों को आरएससीआइटी कंप्यूटर कोर्स के महत्व और सरकारी नौकरियों में इसकी उपयोगिता के बारे में जानकारी दी।साथ ही कंप्यूटर का ज्ञान दैनिक जीवन में अत्यंत उपयोगी है इसलिए सभी को इसकी जानकारी होनी चाहिए। इस दौरान जयपुर शहर उपाध्यक्ष अजय यादव रॉयल कंप्यूटर संस्थान के निदेशक मुकेश यादव, नरेश शर्मा और विधार्थी उपस्थित रहे ।

### सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों को किए स्वेटर वितरित



**चमकता राजस्थान/मनीष मेहता जोधपुर।** जायंट्स ग्रुप ऑफ़ रॉयल लेडीज द्वारा निरूपा पटवा कि नेतृत्व में , कबीर नगर ,भील बस्ती स्थित महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा एक से छ के एक सो बीस की संख्या वाले स्कूल में बच्चो को सर्दी से राहत देने के लिए बच्चो को स्वेटर वितरण किए , और मूंगफली , गजक, तिल के लड्डू ,सूखे मेवे ,मिठाई ,फल ,बिस्किट आदि वितरित की। ग्रुप की अध्यक्ष तारा सोलंकी व सचिव पूनम राठी को स्कूल की प्रधानाचार्य ने स्कूल की मूलभूत आवशयकताओ पर चर्चा की उन्होंने इस पर कार्य करने का आश्वासन दिया और आगे भी सहयोग करने की इच्छा जताई। निरूपा पटवा ने बताया कि ग्रुप कि सदस्य पूनम गिदवानी, राखी माखीजानी ,पुष्प सराओगी ,लता कुमारी , मीनाक्षी जैन , आदि ने सहयोग किया । विद्यालय प्रधान फ़हदिमा अंजुम सहित स्कूल स्टाफ ने संस्थान का आभार व्यक्त किया। निरूपा पटवा कि नेतृत्व में यह ग्रुप पिछले पाँच वर्षो से लगातार अनाथ आश्रम, बाल आश्रम, वृदाश्रम, कच्ची बस्तीया, शिक्षा, चिकित्सा, महिला ससक्तीकरण, विकलांग, कैंसर पीड़ित के लिय, वृक्षारोपण, तरह तरह के जागरूकता अभियान, योगा आदि कार्य करता आ रहा है।

### माहेश्वरी महिला संगठन की कार्यकारिणी बैठक ₹अभया ₹ संपन्न



**चमकता राजस्थान/बूंदी ।** पूर्वी राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन की पंचम बैठक₹ अभया₹ कोटा में संपन्न हुई । इसमें बूंदी से 16 बहनों ने अपनी शामिल हुई ।कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय निवर्तमान अध्यक्ष आशा माहेश्वरी ने भगवान महेश के सामने दीप प्रज्वलन करके की। जिलाध्यक्ष संगीता मूंदड़ा व सचिव शिल्पा सोमानी ने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष मंजू भराड़ीया, महामंत्री नीलम तापड़िया, कोषाध्यक्ष किरण लखोटिया, प्रदेश उपाध्यक्ष उर्मिला नुवाल, प्रदेश सह सचिव अनीता लाठी, लक्ष्मी तोतला, कविता झवर, भगवती समदानी, लीला सोमानी, शर्मिला सोमानी, मंजूला सोमानी, रेखा कहलिया मौजूद रही। रामायण पर आधारित नारी पात्र के एकल अभिनय में बूंदी से मधु हल्दिया ने मंदोदरी का पात्र निभाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। संगीता सोमानी ने शबरी का अभिनय किया ।बैठक में संगठन से जुड़ी जानकारी को जानने के लिए आपकी अदालत कार्यक्रम भी आयोजित हुआ जिसमें जिलाध्यक्ष संगीता मूंदड़ा ,सचिव शिल्पा सोमानी, जिला कोषाध्यक्ष मधु बहेडिया व पुष्पा बिरला ने भाग लिया । कार्यक्रम में चारों जिले के पदाधिकारीगण मौजूद रहे ।अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ ।

पश्चिम बंगाल अब 'शोनार बांग्ला' नहीं, बल्कि 'खूनी खेल का बन चुका मैदान : मदन राठौड़

# पश्चिम बंगाल और पंजाब में हो रही है लोकतंत्र की हत्याः मदन राठौड़

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पाली प्रवास के दौरान पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार और पंजाब की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार लोकतंत्र, प्रशासनिक ईमानदारी और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कुचलने का काम कर रही है। राठौड़ ने कहा कि जादवपुर विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 110 पर तैनात बूथ लेवल ऑफिसर (इछड) अशोक दास की आत्महत्या लोकतंत्र की हत्या है। वार्ड नंबर 109 की टीएमसी नेता अनन्या बनर्जी और राजू बिस्वास द्वारा अशोक दास



पर अवैध मतदाताओं–रोहिंग्या एवं घुसपैठियों–के नाम मतदाता सूची से न हटाने का दबाव बनाया गया। ऐसा न करने पर उन्हें एवं उनके परिवार को जान से मारने की धमकियाँ दी गईं। ऐसे में लगातार मानसिक प्रताड़ना और भय के वातावरण के कारण अशोक दास ने आत्महत्या जैसा कदम उठाया, जिसकी भाजपा कड़ी निंदा करती है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि आज बंगाल में टीएमसी का अर्थ बदल चुका है। टीएमसी मतलब तुष्टिकरण, माफिया एवं गुंडाराज और क्राइम कल्चर बन गया है। राठौड़ ने चाकुलिया (उत्तर दिनाजपुर) में बीडीओ कार्यालय में हुई हिंसा का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जहां मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की सुनवाई के दौरान भीड़ ने कार्यालय में आगजनी की और मशीनों को क्षतिग्रस्त किया। यह स्पष्ट रूप से लोकतंत्र की हत्या ही है। टीएमसी फर्जी आईडी रैकेट और घुसपैठियों के सहारे चुनाव जीतने के लिए चुनाव आयोग की पारदर्शी प्रक्रिया को बाधित कर रही है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि वहीं दूसरी ओर पंजाब की भगवंत मान सरकार मीडिया की आवाज़ दबाने का कार्य कर रही है। राठौड़ ने कहा कि बिना किसी नोटिस या वैधानिक आदेश के पंजाब केसरी समूह के बठिंडा एवं जालंधर (सूरानुसी) स्थित प्रिंटिंग प्रेस पर छापेमारी की गई, जहां पत्रकारों और कर्मचारियों के साथ मारपीट कर उन्हें अवैध रूप से हिरासत में लिया गया। इतना ही नहीं, पंजाब में आप पार्टी की सरकार की आलोचना करने वाले यूट्यूबर्स और डिजिटल मीडिया पर एफआईआर दर्ज की जा रही है, विपक्षी प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बिजली काटना एवं सिग्नल जाम करना आम हो गया है। यह सीधे तौर पर लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ को चोट पहुंचाना है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि पश्चिम बंगाल के अशोक दास आत्महत्या मामले की उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए। दोषी टीएमसी नेताओं के विरुद्ध तत्काल कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। वहीं पंजाब में मीडिया संस्थानों पर हो रहे दमन को तुरंत रोका जाए और प्रेस की स्वतंत्रता बहाल की जाए। इसके साथ ही पंजाब में सीमा सुरक्षा हेतु राज्य सरकार द्वारा भूमि न दिए जाने के रवैये की समीक्षा करने की मांग की। राठौड़ ने कहा कि ममता बनर्जी का बंगाल अब 'शोनार बांग्ला' नहीं, बल्कि 'खूनी खेल का मैदान' बन चुका है। भाजपा इस अन्याय के खिलाफ चुप नहीं बैठेगी।''

प्रेसवार्ता के दौरान जिला अध्यक्ष सुनील भंडारी, पूर्व सभापति महेंद्र बोहरा उपस्थित रहे।

## श्री राजराजेश्वरी कैला माता मंदिर बाड़ी में कलश शोभायात्रा से धार्मिक आयोजनों का शुभारंभ

चमकता राजस्थान

**धौलपुर रामदास तरुण। बाड़ी उपखंड की खबर।** श्री विनायक सेवा समिति द्वारा 18 जनवरी 2026 को श्री राजराजेश्वरी कैला माता मंदिर बाड़ी में धार्मिक कार्यक्रमों का भव्य शुभारंभ विशाल कलश शोभायात्रा के साथ किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में बाड़ी उप जिला कलेक्टर (एसडीएम) भगवत शरण त्यागी ने माता रानी के चरणों में नतमस्तक होकर पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात समिति के मुख्य सदस्यों द्वारा एसडीएम साहब का माता रानी का पटका एवं माला पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर पुलिस प्रशासन की गरिमामयी उपस्थिति रही। बाड़ी थाना प्रभारी देवेंद्र शर्मा, उप निरीक्षक हरवीर सिंह, महिला कांस्टेबल एवं संपूर्ण पुलिस स्टाफ का सनातन परंपरा



के अनुसार पटका एवं माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। एसडीएम भगवत शरण त्यागी ने ग्रीन सिग्नल दिखाकर माता रानी की विशाल कलश शोभायात्रा का शुभारंभ किया। कलश शोभायात्रा माता रानी के मधुर भजनों, हिंडौन से आए बैंड-बाजों और जयकारों के साथ बड़े ही धूमधाम एवं अनुशासित वातावरण में निकाली गई। यात्रा में महिलाएं, बच्चे एवं पुरुष श्रद्धालु उत्साहपूर्वक भजनों पर झूमते नजर आए। पुलिस प्रशासन द्वारा यातायात, सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था की सुदृढ़ व्यवस्था की गई, जिससे शोभायात्रा शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुई। कलश यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख बाजारों से होते हुए पुनः माता रानी के मंदिर में पहुंची। समिति द्वारा आगामी कार्यक्रमों की जानकारी भी दी गई। 19 जनवरी से करौली कैला माता मंदिर से पधारे विद्वानों द्वारा नौ दिवसीय दुर्गा सप्तशती पाठ प्रारंभ होगा। 24 जनवरी को महिला मंडल द्वारा गरबा एवं डांडिया, 25 जनवरी को भव्य फूल बंगला व छप्पन भोग, 26 जनवरी को पूर्णाहुति के साथ पाठ का समापन तथा 27 जनवरी को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर समिति अध्यक्ष राजेंद्र उर्फ खन्ना, अध्यक्ष मनीष बंसल, कोषाध्यक्ष पवन गोयल, महामंत्री देवेंद्र गर्ग, सुनील गर्ग कंपनी परिवार, नीरज सोनी, अनिल मंगल, राघव, अमित, दुर्गा, छन्नो सहित महिला मंडल एवं समिति के समस्त सदस्यगण उपस्थित रहे।

### रक्तदान का आयोजन सफलता पूर्वक हुआ संपन्न



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** रोटरी क्लब ऑफ जोधपुर गरिमा द्वारा खिची हॉस्पिटल, भाडवासिया के सहयोग से रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर विशेष रूप से थैलेसीमिया रोगियों की सहायता हेतु आयोजित किया गया, जिन्हें नियमित रूप से रक्त की आवशयकता होती है।

इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष रोटेरियन कावेरी बजाज ने कहा, ''आज दान की गई हर एक बूंद जीवन बचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, विशेषकर थैलेसीमिया मरीजों के लिए।'' उन्होंने सभी रक्तदाताओं, स्वयंसेवकों एवं चिकित्सा टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।

शिविर मानद सदस्य रोटेरियन सिद्धि जोहरी की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। आयोजन के दौरान क्लब सदस्यों रोटेरियन शेलू गुप्ता, रोटेरियन रेणु चौहान, रोटेरियन श्वेता राठी एवं रोटेरियन नीलम रत्नानी भी उपस्थित रहीं और उन्होंने पूरे कार्यक्रम में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर रोटरी ब्लड बैंक की टीम को उनके समर्पण, सहयोग एवं उत्कृष्ट व्यवस्थाओं के लिए विशेष धन्यवाद दिया गया, जिनके सहयोग से रक्तदान शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हो सका।

पूरे शिविर में सेवा, संवेदना और मानवता की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी—जहाँ वास्तविक नायक, सच्ची मुस्कानें और जीवन रक्षक क्षण देखने को मिले। इस रक्तदान शिविर में कुल 50 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जो इस मानवीय पहल की सफलता को दर्शाता है।

## राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी की बैठक सम्पन्न, SIR व BLA विस्तार पर चर्चा

चमकता राजस्थान

जुगलकिशोर बावल/ पाली। एस.आई.आर. (विशेष गहन पुनरीक्षण) को लेकर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) की बैठक सुरवाणिया मगरी स्थित चामुंडा माता मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक में बीएलए-1 व बीएलए-2 के विस्तार सहित संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर विस्तृत चर्चा हुई।



बैठक के दौरान बाली विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ताओं व नागरिकों ने राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पाली जिलाध्यक्ष माधुराम चौधरी व एडवोकेट सोमाराम चौधरी ने दूदापुरा के पूर्व सरपंच संपतदास वैष्णव, भंवर राईका, मालाराम सिरवी, वीरमाराम मेघवाल सहित अनेक नागरिकों को पार्टी की सदस्यता दिलवाई।

इस अवसर पर छगन गोदारा ने पार्टी के राष्ट्रीय सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल को मजबूत करने के लिए अधिक से अधिक युवाओं को आरएलपी से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाया जा सकेगा।

बैठक में पी.पी. घांची (बीएलए-1), चिमन सिरवी, विक्रम गोदारा, मुकेश जाट, तेजाराम जाट, परेश सोनी, भंवर जाट, सुरेश साहू सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### साहू समाज ब्यावर द्वारा भाजपा OBC प्रकोष्ठ राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर डॉ महेन्द्र कुमावत का ब्यावर में किया गया भव्य स्वागत



**चमकता राजस्थान/कमल साहू/ब्यावर।** भाजपा ओबीसी प्रकोष्ठ राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार ब्यावर पधारने पर डॉ महेन्द्र कुमावत का साहू सेना के संरक्षक पिंटू साहू के नेतृत्व में साफा,51 किलो की माला पहनाकर व तलवार भेट करके सिटी थाना ब्यावर के सामने स्वागत किया गया। इस मौके पर साहू सेना ब्यावर व टैक्सी यूनियन ब्यावर के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस मौके पर साहू सेना संरक्षक पिंटू साहू,साहू सेना जिला अध्यक्ष विजय नारायण साहू,जिला उपाध्यक्ष दामोदर मेहरानिया,जिला महामंत्री कमल आसरवा,जिला महामंत्री तारेश साहू,साहू सेना (चिकित्सा प्रकोष्ठ) जिला अध्यक्ष निलेश आसरवा,(शैक्षिक प्रकोष्ठ) जिला अध्यक्ष जितेश साहू,(रोजगार प्रकोष्ठ) जिला अध्यक्ष विकास आसरवा,(छात्र प्रकोष्ठ) जिला अध्यक्ष मानव भांगड़,जिला मंत्री अनिल पंचोली,जिला कोषाध्यक्ष मयंक गहलोत,जिला सह सचिव लेखराज साहू,सूरजपाल सिंह,राजेश कुमावत,सूरज कुमार,डमरू,गणपत सिंह, मनोहर सिंह,छोटूराम,भंवर सिंह,मदन काठात,उगम सिंह,पारसमल,बबलू,जितेंद्र साहू,महबूब ,दयाल सिंह,लाला भाई सहित अन्य उपस्थित थे।

# सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव ने बाल संप्रेषण एवं शिशु गृह का किया निरीक्षण

चमकता राजस्थान

**धौलपुर रामदास तरुण।** सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश धौलपुर संजीव मागो के मार्गदर्शन में शुक्रवार को सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश रेखा यादव ने राजकीय बाल संप्रेषण एवं शिशु गृह धौलपुर का निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान गृह में कुल 7 विधि से संघर्षरत किशोर, 2 देखरेख एवं संरक्षण श्रेणी के बालक तथा 2 शिशु उपस्थित पाए गए। सचिव ने गृह में निवासरत बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता, भोजन, पेयजल, स्वास्थ्य एवं शिक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने शयन कक्ष, स्नानागार, रसोई, चिकित्सकीय सुविधाएं, परामर्श सेवाएं तथा खेल एवं मनोरंजन सामग्री का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान सचिव रेखा यादव ने विधि से संघर्षरत किशोरों से सीधे संवाद कर उनके प्रकरणों की जानकारी प्राप्त की। सभी प्रकरण पोक्सो अधिनियम से संबंधित पाए गए। सचिव ने किशोरों को अनुशासन में रहने, शिक्षा पर ध्यान देने तथा भविष्य में किसी भी प्रकार के गलत कार्य से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने किशोरों से उनकी कक्षाओं एवं अध्ययन सामग्री के बारे में भी जानकारी ली, जिस पर किशोरों ने पुस्तकों की उपलब्धता होने की बात कही। देखरेख एवं संरक्षण श्रेणी के बालकों से भी जानकारी ली गई, जिसमें एक बालक मंदबुद्धि पाया गया। इस संबंध में इंचार्ज द्वारा बताया गया कि उक्त बालक बसेड़ी क्षेत्र से पुलिस के माध्यम से बाल अधिकारिता विभाग को सुपुर्द किया गया है। सचिव ने बच्चे की उचित देखभाल, मेडिकल जांच, आवास एवं भोजन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान यह भी बताया गया कि जोधपुर की संस्था जे.सी.के.आई.टी. द्वारा किशोरों हेतु 10 खाने की टेबल मय बेंच, 10 डबल बेड एवं 36 टी-शर्ट प्रदान की गई हैं, जिनका सचिव ने बारीकी से निरीक्षण कर साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के अवसर पर प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट नीतू, संप्रेषण गृह धौलपुर के संजय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धौलपुर के स्टेनो राहुल डंडोतिया सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मिलावट खोरी के ख़िलाफ़ और शुद्ध के लिए युद्ध की ज़रूरत :राजीव अरोड़ा

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान के पूर्व छात्रों की एलुमिनी संस्था यूनिराज एलुमिनी फेडरेशन एवं विख्यात समाजसेवी संस्थान सद्भावना के सिपाही संगठन का नव वर्ष स्नेह मिलन समारोह आयोजित हुआ। सद्भावना स्नेह मिलन कार्यक्रम में सामाजिक सरोकार सोद्देश्य गतिविधियों के तहत मिलावट खोरी के विरुद्ध एक कार्यशाला आयोजित की गई। दोनों संस्थान के चेयरमैन वरिष्ठ राजनेता समाजसेवी उद्योगपति राजीव अरोड़ा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कार्यशाला के मुख्य वक्ता प्रशासनिक अधिकारी पंकज ओझा, के एल जैन, विख्यात बिल्डर गोपाल गुप्ता, यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान के पूर्व वी सी राजीव जैन, विभिन्न



यूनिवर्सिटी के पूर्व वी सी प्रवीण त्रिवेदी, महारानी कॉलेज की पूर्व प्राचार्य निमाली सिंह, डॉ वंदना चौधरी, डॉ प्रतिभा शर्मा, सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी देवेंद्र शर्मा, कैलाश शर्मा गुरुजी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष आर आर तिवारी, ज्ञान विहार कॉलेज के सुनील शर्मा, राज्यमंत्री खानू खान बुधवाली के इस गंभीर विषय पर दिए गए संबोधन की भूरी भूरी प्रशंसा की। सद्भावना के संगठन एवं यूनिराज एलुमिनी फेडरेशन के संरक्षक एवं फाउंडर राजीव अरोड़ा ने सभी अतिथियों एवं संस्था के पदाधिकारियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा मिलावट एक ऐसा पाप है जो न केवल समाज के लिए हानिकारक है, बल्कि यह स्वयं के लिए भी घातक है। मिलावट का अर्थ है किसी उत्पाद में अशुद्ध या हानिकारक पदार्थ मिलाना, जिससे उसकी गुणवत्ता और शुद्धता प्रभावित होती है। यह एक अपराध है जो न केवल उपभोक्ताओं को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि यह समाज के स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था के लिए भी खतरा है। मिलावट के कारण उपभोक्ताओं को कई प्रकार की समस्याएं हो सकती हैं, जैसे कि स्वास्थ्य समस्याएं, आर्थिक नुकसान, और विश्वास की कमी। मिलावट के कारण उत्पादों की गुणवत्ता खराब होती है, जिससे उपभोक्ताओं को नुकसान होता है। इसके अलावा, मिलावट के कारण समाज में विश्वास की कमी होती है, जिससे व्यापार और उद्योग को नुकसान होता है। राजीव अरोड़ा ने मिलावट एक ऐसा अपराध है जो स्वयं के प्रति और समाज के प्रति भी है। जब हम मिलावट करते हैं, तो हम न केवल दूसरों को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि हम स्वयं को भी नुकसान पहुंचाते हैं। मिलावट के कारण हमारा आत्मविश्वास कम होता है, और हमारा चरित्र खराब होता है। समाज के स्वास्थ चरित्र और व्यापार में सकारात्मकता के लिए इस कार्यशाला के महत्व पर राजकीय प्रशासनिक अधिकारी पंकज ओझा ने इस आयोजन को एक अच्छी शुरुआत बताया। जाट महासभा के वरिष्ठ नेता विजय पूनिया ने भी इस आयोजन के लिए राजीव अरोड़ा को सक्रिय सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के संयोजक विक्रम सिंह पंवार, डॉ नितिन शारदा भगेरिया, कैलाश शर्मा, अजय सक्सेना, नेमी चंद गुप्ता, विक्रम रस्तोगी, सुशील अग्रवाल, अक्षय जैन मोदी, संजय झांवर, अनिल गोयल,दीपक धीर, नीरज चतुर्वेदी रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### 20 किलो 830 ग्राम अफीम डोडा चूरा के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान/उन्हेल नागेश्वर/गोवर्धनसिंह।** झालावाड़ जिले की गंगधार पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 20 किलो 830 ग्राम अफीम निर्मित डोडा चूरा के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार किए है, आरोपियो के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया गंगधार थाना प्रभारी अमरनाथ जोगी ने बताया कि पुलिस की गठित टीम ने अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए गश्त के दौरान सांकरिया रावतपुरा रोड रेल्वे स्टेशन चौमहला के पास से दो व्यक्तियो की तलाशी लेने पर आरोपी भोलाराम व्यास निवासी सांकरिया के पास स्थित पिट्ठू बैग की तलाशी लेने पर उसमे से 11 किलो 235 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम निर्मित साबूत व पीसा हुआ डोडा चूरा व भुवान सिंह के बैग से 9 किलो 595 ग्राम अफीम निर्मित डोडा चूरा जप्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया दोनों आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया।

### रावणा राजपूत समाज महा संगठन की वेबसाइट का लोकार्पण




**चमकता राजस्थान/जयपुर।** रावणा राजपूत समाज महा संगठन के तत्वावधान में रविवार को अजीत स्कूल शांति नगर, जयपुर में संगठन कि नव वेबसाइट का विधिवत लोकार्पण मूल सिंह नाथावत समाजसेवी के करकमलों द्वारा सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर वेबसाइट के सन्दर्भ में विस्तृत जानकारी प्रवक्ता कपिल सिंह भाटी ने दी । विक्रम सिंह पंवार (महासचिव, रावणा राजपूत समाज महा संगठन ) ने समाज की आगामी कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी ,कार्यक्रम में संरक्षक नन्द सिंह राजावत, परमेश्वर सिंह शेखावत, गोपाल सिंह चौहान, गोविन्द सिंह चौहान, विक्रम सिंह पंवार, दशरथ सिंह चौहान, नन्द सिंह सौलंकी, सम्पत सिंह चांदावत, महेंद्र सिंह हाड़ा, विजेन्द्र सिंह सोलंकी, मोहन सिंह झोटवाड़ा, कुलदीप सिंह पंवार, यशवंत सिंह हाड़ा, व समाज बंधु उपस्थित रहे। अन्त में दिलीप सिंह राजावत ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### श्री राजपूत सेवा समिति रानी के चुनाव संपन्न कुम्पावत फिर बने अध्यक्ष



**चमकता राजस्थान/जुगलकिशोर बावल/जीवन्द कलां।** नाडोल स्थित श्री आशापुरा माताजी मंदिर प्रांगण में सम्पन हुए चुनाव के चुनाव अधिकारी सुमेरसिंह सोनिगरा ने बताया कि श्री छैलसिंह कुमावत डुठारिया को श्री राजपूत सेवा समिति रानी का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया उपाध्यक्ष पद के लिए श्री जोर सिंह चौहान नाडोल ,सचिव राजेंद्र सिंह जवाली ,कोषाध्यक्ष श्रवन सिंह निंबाड़ा सहित कार्यकारिणी सदस्य शैतानसिंह लक्ष्मणसिंह ईश्वरसिंह सुरेन्द्र सिंह महिपालसिंह रूपसिंह विक्रम सिंह नरेन्द्रसिंह सहित 11 सदस्य निर्विरोध चुने गए वार्षिक अधिवेशन मे श्री राजपुत सेवा समिति के कई सदस्यो ने भाग लिया । कार्यक्रम में दलपतसिंह राठौड़ सयुक्त निदेशक लोकल आडिट उदयपुर , जोधसिंह ,भीम सिंह ,नरपतसिंह, पर्वतसिंह ,हीरसिंह, करणसिंह लक्ष्मणसिंह ,नारायण सिंह, महिपालसिंह, भंवरसिंह, महावीरसिंह ,मनोहरसिंह सहित बडी संख्या मे समिति के सदस्यों ने भाग लिया

### रानी मे फोटोग्राफर एसोसिएशन द्वारा तीन दिवसीय जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता 27 जनवरी से शुरू।

**चमकता राजस्थान/भरत कुमार गांधी/जयपुर।** रानी कस्बे के मेन बाजार स्थित कृषि मंडी खेल मैदान में तीन दिवसीय जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता रानी तहसील फोटोग्राफर एसोसिएशन के तत्वाधान में 27 जनवरी से शुभारंभ होगा। फोटोग्राफर एसोसिएशन द्वारा बताया गया कि 27 जनवरी से 29 जनवरी तक रानी में प्रथम बार जिला स्तरीय फोटोग्राफर एसोसिएशन द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता करवाई जा रही है जिसमें फोटोग्राफर टीम द्वारा खेला जाएगा जिसमें विजेता टीम को 21000 एवं उपविजेता टीम को 11000 नगद एवं टॉफी के साथ सम्मानित किया जाएगा इस कार्यक्रम को लेकर संपूर्ण फोटोग्राफर रानी तहसील के आयोजन करता तैयारी में लगे हुए हैं।

# शिक्षक संघ अंबेडकर का स्नेह मिलन समारोह हुआ आयोजित

चमकता राजस्थान

**बूँदी।** राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर का स्नेह मिलन समारोह प्रदेश मुख्य महामंत्री गोकुलराम मीना की अध्यक्षता व विशिष्ट अतिथि प्रदेश संरक्षक शंभूदयाल मेहरा सेवानिवृत्ति एसडीएम रामनिवास मीणा के सानिध्य में संपन्न हुआ।

जिला अध्यक्ष धनराज मीणा ने बताया की शिक्षक परिवार में आपसी प्रेम, सौहार्द और एकता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ₹स्नेह मिलन समारोह₹ का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर हम शिक्षा जगत की चुनौतियों और उपलब्धियों पर चर्चा की।



जिला अध्यक्ष धनराज मीणा ,जिला महामंत्री जवाहरलाल मेघवाल, जिला संगठन मंत्री रामचरण मीणा, जिला उपाध्यक्ष पृथ्वी लाल मीणा, जिला सभा अध्यक्ष अमर सिंह बेरवा, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष लेखराज मीणा, जिला कोषाध्यक्ष घनश्याम मंडेलिया, कार्यालय प्रभारी उदालाल मीणा, जिला प्रतिनिधि माध्यमिक शिक्षा लालचंद मीणा, जिला प्रतिनिधि प्रारंभिक शिक्षा कल्याणमल वर्मा, जिला प्रतिनिधि संस्कृत शिक्षा इंद्रसहाय मीणा , जिला प्रतिनिधि पंचायत शिक्षक राजाराम मीणा, शारीरिक शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष शिवराज खींची होम्योपैथिक संघ जिला अध्यक्ष डॉ मुकेश मीणा ,हिंडोली ब्लॉक अध्यक्ष हरिराम मीणा, लाखेरी ब्लॉक अध्यक्ष गुलाबचंद मेवलिया, कापरेन ब्लॉक अध्यक्ष शिवराज मीणा, तालेड़ा ब्लॉक अध्यक्ष रमेश चंद्र मेघवाल, बूंदा संस्था जिला मीडिया प्रभारी हरिराम मीणा, जिला सयुक्त मंत्री हरिप्रसाद बेरवा , भीम आर्मी जिला अध्यक्ष प्रेम नारायण मेहरा,हेमराज मीणा ,ब्रह्मानंद मीणा, गोपाल लाल मेघवाल, रामस्वरूप मीणा ,राकेश कुमार मीणा, चंद्र मोहन पलिया, लोकेश कुमार आजाद ,गोपाल लाल मीणा ,गुलाम मुस्तफा, जावेद अली अंसारी, शंकर लाल मीणा, प्रेम नारायण मीणा, देवकिशन, कृष्ण गोपाल मीणा ,महावीर मीणा ,प्रेमलाल बेरवा ,गोपाल महावर, कैलाश नागर, नंदकिशोर बेरवा, गीताराम मीना , किशन मीणा आदि सैकड़ो की तादाद में शिक्षक मौजूद रहे।

## रक्तदान शिविर में 1 महिला सहित 51 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया

चमकता राजस्थान

**जुगलकिशोर बावल/ जीवन्द कलां।** निकट के खिंवाड़ा सेवा भारती की प्रेरणा से श्री वैष्णोदेवी माता मंडल मुंबई खिंवाड़ा, मारवाड़ एकता परिषद मुंबई राजस्थान एवं व्यापार संघ खिंवाड़ा संयुक्त तत्वाधान में श्री बालाजी प्रसादी प्रांगण खिंवाड़ा में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ।

आयोजक नरेन्द्र परमार ने बताया कि रक्तदान शिविर में 1 महिला सहित 51 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ श्री सती माता मंदिर निपल संत




भोलाराम, नागणेशी माता मंदिर सोजत रोड भोपाजी भंवरलाल सोयल,संरक्षक महावीर सिंह देवड़ा, सरपंच श्रीपाल वैष्णव, सरपंच मानाराम सीरवी, डा रूपसिंह चारण, डा विक्रम सिंह,सिद्धार्थ चारण, निर्मल आचार्य, कांतिलाल सुथार, प्रवीण मालवीय, नेतीराम जणवा, भेरूसिंह सोलंकी, अजय पूरी ने माता दी प्रतिमा को दीप प्रज्वलन कर की।

शिविर को सफल बनाने में किशोर मालवीय, विजय सोनी, नेमी चंद सुथार, मयंक सोनी, कमलेश गर्ग, राकेश वैष्णव, राजेश सोनी, बृजेश कंडारा , अमित बिरावत, नरेश वर्मा ,भावेश परमार का विशेष सहयोग रहा। शिविर में भगवान महावीर ब्लड बैंक सुमेरपुर की सेवा रही।

## भाजपा की पूर्वी मंडल कार्यकारिणी घोषित जिलाध्यक्ष ने लगाई मोहर

**चमकता राजस्थान/खरगोन।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल अध्यक्ष अभिलाष अत्रे ने प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देश एवं भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती नंदा ब्राह्मणे की सहमति से पूर्वी मंडल कार्यकारिणी की घोषणा की है। 28 सदस्यीय कार्यकारिणी में 8 उपाध्यक्ष, 2 महामंत्री 8 मंत्री 1 कोषाध्यक्ष सहित अन्य पद शामिल है। कार्यकारिणी में गूंजन गडकरी भगवान प्रजापत पूजा वोरे



कान्हा वोरे कान्हा माली मनीष शर्मा लोकेश भावसार मुकेश बिडारे आकाश गुप्ता उपाध्यक्ष नियुक्त किए गए है। दीपक पाटीदार राजेंद्र मंडलोई महामंत्री होंगे। रवि सोनी श्रीमती ज्योति वर्मा पंकज परिहार शुभम राठौर अरुणा सांवनेर भानुदय सोलंकी सुनीता गांगले भानु जादौन को मंत्री बनाया गया है। दिलीप पंडित को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सह- कोषाध्यक्ष प्रदीप वर्मा होंगे। कार्यालय मंत्री सत्येंद्र टोपी सह कार्यालय मंत्री प्रियंका महाजन होंगे। मीडिया प्रभारी रवि परमार सह मीडिया प्रभारी जय शिव सेन को बनाया गया है। सोशल मीडिया प्रभारी हेमंत मंडलोई सह- सोशल मीडिया प्रभारी गोलु चौहान आईटी सेल प्रभारी विनय पटेल और सह आईटी सेल प्रभारी का दायित्व अरविंद जोशी संभालेंगे। नवनियुक्त नगर कार्यकारिणी को भाजपा जिलाध्यक्ष ब्राह्मणे ने शुभकामनाएं देत हुए पार्टी हित में कार्य करते हुए पार्टी की रीति-नितियों को जन- जन तक पहुंचाने की अपील की है।

## जेबीएस के संस्थापक प्रदेश अध्यक्ष अपनी टीम के साथ हुए भेल दशहरा मैदान भोपाल



**चमकता राजस्थान/खरगोन।** मध्यप्रदेश के बहु चर्चित आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा जी के समर्थन में 18 जनवरी 2026 को २, २३ डइउ के संयुक्त तत्वाधान में आरक्षण बचाओ जन आक्रोश आंदोलन में वह निमाड़ खरगोन बड़वानी धार जिले में अपनी टीम को लेकर 10 वाहनों के काफिले के साथ रविवार रात्रि को मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल की ओर प्रस्थान किया। जय बलाई समाज संगठन के संस्थापक सचिन गोयल, प्रदेश अध्यक्ष पवन वर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता आंदोलन का हिस्सा बने।प्रदेश अध्यक्ष पवन वर्मा ने बताया कि यह हमारे हक अधिकारों की लड़ाई थी, जिसके लिए हम हमारे संगठन के साथियों कार्यकर्ताओं के साथ आंदोलन में पहुंचे।

कार्यक्रम में मंच पर आज़ाक्स जयस भीम आर्मी ओबीसी महासभा के प्रतिनिधि मंडल बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## एक दिवसीय स्वरोजगार कौशल विकास भ्रमण पर बस रवाना




**चमकता राजस्थान/डग-17 जनवरी (कुन्दन व्यास)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पिपलिया खुर्द के व्यावसायिक शिक्षा विषय कन्स्ट्रक्शन ट्रेड (निर्माण कार्य) में सम्मिलित कक्षा 9 व 10 के छात्र छात्राओं को मध्यप्रदेश के सुवासरा-सीतामऊ स्तिथ बसई चम्बल पुलिया पर द्वितीय औधोगिक भ्रमण के लिए प्रस्थान किया विद्यालय की प्रधानाचार्य अनीता कुमारी एवं यात्रा प्रभारी भंवर सिंह मीणा के द्वारा बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस यात्रा में छात्रों के साथ विद्यालय स्टाफ से बापुलाल लोधा,शिवलाल शर्मा,हितेश पंचारिया आदि उपस्थित रहे। इस भ्रमण का उद्देश्य यह है कि छात्र निर्माण कार्य स्थल पर जाकर निर्माण कार्य तकनीकी तथा रोजगारोन्मुखी अवसरों को ढूंढकर स्वरोजगार कौशल विकसित कर सकें ।

# साधु वासवानीजी की 60वीं पुण्यतिथि पर दुनिया भर में कार्यक्रम : पुणे में प्रभात फेरी और भजन-कीर्तन सत्संग

चमकता राजस्थान

**पुणे।** साधु वासवानी मिशन ने पूजनीय संत और मानवतावादी साधु वासवानीजी की 60वीं पुण्यतिथि को पुणे में अपने मुख्यालय में आयोजित दो दिवसीय आध्यात्मिक कार्यक्रमों की एक श्रृंखला के साथ मनाई। दोनों दिन, मिशन के अस्पतालों और क्लीनिकों ने पुण्यतिथि के उपलक्षय में छूट दी गई। इससे पहले, एक सप्ताह तक चले कार्यक्रम में कई सत्संग और कीर्तन सत्र शामिल थे, जिनमें बड़े पैमाने पर लोगों ने भाग लिया, जो पूरे शहर (औंध, वानवड़ी और पिंपरी में) और दुनिया भर में इसके अंतर्राष्ट्रीय केंद्रों में आयोजित किए गए।

साधु वासवानी के निधन के पवित्र





दिन सुबह 6 बजे पुणे कैंप की सड़कों पर प्रभात फेरी (सुबह की शोभायात्रा) के साथ मनाया गया। बड़ी संख्या में भक्त सुबह-सुबह की शोभायात्रा में भाग लेने के लिए इकट्ठा हुए, और याद में पैदल चले। मिशन की वैश्विक प्रमुख दीदी कृष्णा ने अपने भाषण में कहा कि साधु वासवानीजी ने सच्चाई सिखाई, दुनिया को आज विनम्र दिलों की ज़रूरत है, न कि भव्य या दिखावटी कामों की। उन्होंने कहा कि यह मानवीय अहंकार ही है जो किसी को ईश्वर से दूर करता है, और विनम्रता आध्यात्मिक मार्ग पर एक महत्वपूर्ण कदम है, जो साधक को उनके करीब लाती है। मिशन में हवन और सत्संग के साथ कार्यक्रम जारी रहे। दुनिया भर से भक्त इन कार्यक्रमों और लंगर के लिए इकट्ठा हुए। साधु वासवानीजी के अंतिम संस्कार के समय को याद करते हुए, एक विशेष सत्संग किया गया। इसके बाद साधु वासवानी चौक और साधु वासवानी की समाधि को सैकड़ों दीयों से रोशन किया गया, जो उस रोशनी को दर्शाते थे जो वे अपने अंदर रखते थे और दुनिया को देते थे।

साधु वासवानी के ₹गरीबों की सेवा₹ के संदेश को ध्यान में रखते हुए, कई ज़रूरतमंद परिवारों को राशन का सामान बांटा गया। रायगढ़ के दूरदराज और ग्रामीण इलाकों में मुफ्त स्वास्थ्य और आँखों की जाँच के कैंप लगाए गए, और गाँव के स्कूली बच्चों को स्वेटर बांटे गए। यह कार्यक्रम साधु वासवानीजी के प्रेम, करुणा और निस्वार्थ सेवा के आदर्शों पर चलने की एक नई सामूहिक प्रतिबद्धता के साथ समाप्त हुआ। ये ऐसे मूल्य हैं जो दुनिया भर में मिशन के मानवीय और आध्यात्मिक कार्यों का मार्गदर्शन करते रहते हैं।

# अपना घर सेवा समिति कामां द्वारा कोकिलावन स्थित अपना घर आश्रम को प्रभु जी की सेवा में भिजवाई 12 क्विंटल सब्जी

चमकता राजस्थान



**मनोज खत्री/ब्यूरो चीफ डीग।** कामां झ निराश्रित एवं दीन दुखी प्रभु जी जिनको किन्हीं कारणों से अपने परिवार वालों ने छोड़ दिया है या जो अपने परिवार से बिछड़ गए हैं ऐसे ही लोगों की सेवा निरंतर रूप से अपना घर आश्रम में की जाती है इसी सेवा में सहयोग की भावना से अपना घर सेवा समिति इकाई कामवन (कामां) द्वारा कोकिलावन स्थित अपना घर आश्रम में आवासित प्रभु जी के लिए सब्जी का सहयोग प्रदान किया जाता है। आज दिनांक 18 जनवरी 2026 को सब्जी की (20वीं) बीसवीं सेवा में करीब 12 क्विंटल सब्जी पिकअप गाड़ी द्वारा रवाना की गई। कामां इकाई के अध्यक्ष प्रमोद कुमार पुजारी ने बताया की अपना घर आश्रम बझेरा भरतपुर की एक शाखा कोकिलावन में स्थित है जिसमें करीब 120 प्रभु जी के रहने की व्यवस्था है आवासित प्रभु जी को प्रभु स्वरूप मान कर सेवा की जाती है जिसमें उनके प्रातः काल की चाय नाश्ता से प्रारम्भ होकर रात्रि के भोजन तक की व्यवस्था के साथ उचित चिकित्सा, कपड़े व रहने सहने की सुविधानुसार व्यवस्था की जाती है।

हर माह के प्रथम एवं तृतीय रविवार को भेजी जाती है सब्जी

अपना घर इकाई कामा द्वारा इसी श्रृंखला में माह के प्रथम एवं तृतीय रविवार को सहयोग की भावना से सब्जी की सेवा प्रदान करने का प्रकल्प प्रारम्भ किया हुआ है जो कि जन सहयोग एवं समिति के सहयोग से निरन्तर रूप से जारी है।

इसी क्रम में आज एक गाड़ी सब्जी हरिओम खंडेलवाल, सतीश सोंखिया महेश सैनी पंकज खंडेलवाल पप्पू आढ़ती मौनी खंडेलवाल अशोक सैनी पार्षद व अन्य सब्जी मंडी के व्यापारियों व समिति के सहयोग से कोकिलावन अपना घर आश्रम में भिजवाई। अपना घर सेवा समिति इकाई कामां सभी सहयोगियों का हार्दिक आभार व्यक्त करती है एवं धन्यवाद देती है । जरूरत मन्द की सच्ची मानव सेवा के इस सेवा प्रकल्प में सहयोग देने के लिए हर बार विभिन्न सहयोगी अपना हाथ सहयोग के लिए आगे बढ़ाते हैं।

इस कार्यक्रम में कामां इकाई के अध्यक्ष प्रमोद पुजारी जायंट्स ग्रुप ऑफ कामवन के अध्यक्ष खेमराज खंडेलवाल हरप्रसाद नाटाणी मनोज कुमार गंगोरिया, सुनील तमोलिया, लालचंद सिंघल, रमेश मंगला, हरी कुम्हेरिया एवं अन्य साथी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### वर वधुओं को उपहार वितरण,

- सामूहिक विवाह सम्मेलन 23 जनवरी 2026को खेरली गंज में आयोजित



**चमकता राजस्थान/खेड़ली गंज (राजवीर सिंह)।** संत रविदास सेवा विकास समिति द्वारा आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन 23 जनवरी 2026 बसंत पंचमी को श्री श्याम मैरिज गार्डन खेड़ली गंज में किया जाएगा कार्यक्रम की शुरुआत संत रविदास के चित्र पर माल्या अर्पण कर सामूहिक विवाह सम्मेलन के उपहार वितरण किया गए। जिसमें बाइक, फ्रिज, कूलर, बेड, बर्तन, गोदरेज अलमारी, एलसीडी आदि घरेलू सामान वितरण किए गए जिसमें अतिथि के रूप में उपस्थित हुए सर्जन बाबूजी, धर्मवीर फौजी, हुकम सिंह अध्यापक, मानसिंह जाटव बहरामपुर, डॉ रामप्रसाद समाजसेवी, दीनदयाल बे-रका आदि मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष लालचंद तैनगुरिया द्वारा यह जानकारी दी गई बसंत पंचमी पर मुख्य अतिथि के रूप में पीसी बेरवाल पूर्व संभागीय आयुक्त एवं आरसी वर्मा भरतपुर अध्यक्षता करेंगे।

### सवाई माधोपुर के 263 वे स्थापना दिवस पर साक्षी बना बरवाड़ा वन वाटिका



**चमकता राजस्थान/चौथ का बरवाड़ा/सुरेश खटाना।** चौथ का बरवाड़ा में आज सुबह 8:00 बजे सवाई माधोपुर के 263 वे स्थापना दिवस के उपलक्ष में वन वाटिका 2 घंटे का वन भ्रमण रखा गया जिसमें उपखंड अधिकारी जोगेंद्र सिंह गुर्जर तहसीलदार नीरज सिंह सिनसिनेवार बरवाड़ा थाना अधिकारी महेंद्र शर्मा वन विभाग अधिकारी विजय सिंह बैरवा ऋषिकेश मीणा प्रधान संपत पहाड़िया आंगनवाड़ी कार्यकर्ता स्कूली बच्चे वरिष्ठ गणमान्य नागरिक सम्मिलित हुए और वन वाटिका का भ्रमण किया चौथ का बरवाड़ा में वन विभाग में बन रही वन वाटिका का आज सवाई माधोपुर के 263 स्थापना दिवस पर वन भ्रमण करवाया गया स्थापना दिवस में चौथ का बरवाड़ा भी बना साक्षी। वन भ्रमण करें ग्रामीण अधिकारियो ने वन विभाग का सौंदर्यकरण देखा जगह जगह बन रही गुमटियां को देखकर बच्चे खुश नजर आए।

### मालाखेडा थाना क्षेत्र नटनी के बारा हुई दुर्घटना जिसमे एक महाराज की की हुई मौके पर मृत्यु हो गई



**चमकता राजस्थान/भागीरथ शर्मा/जयपुर।** मालाखेड़ा थाना क्षेत्र में नटनी के बारा के समीप बांदीकुई से जा रहे थे महाराज जी एक गांव हरणा के पास बाबा भरतरी महाराज जी की तपोभूमि पर योगी समाज के सबसे बडीं मीटिंग का आयोजन की मीटिंग मे जा रहे महन्त लक्ष्मण नाथ जी महाराज लक्कडभूखा मे सवाल हो कर जा रहे थे तभी तेज गति से आ रही पुलिस की लापरवाही से टक्कर मार दी और मौके पर ही मृत्यु हो गयी महाराज जी अरेना गांव के रहने वाले थे जिनका समान के साथ नाथ समाज के रिती रिवाज़ के किया जायेगा।

### रक्तवीर राजेश खोईवाल ने हैदराबाद में अनजान मरीज के लिए 75 वी बार की स्वेच्छिक एसडीपी दान



**चमकता राजस्थान/बूँदी।** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में जिंदगी फाउंडेशन और मारवाड़ी युवा मंच के संस्थापक अध्यक्ष प्रेम कछवाह व कैलाश प्रजापति द्वारा थैलीसीमिया बच्चो के लिए आयोजित रक्तदान शिविर व विचार गोष्ठी में भाग लेने पहुंचे मानव सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष रक्तविर राजेश खोईवाल को हैदराबाद के रक्तवीर मनोज जैन से फ़ोन पर जैसे ही सूचना मिली की एशियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ गेस्ट्रोलॉजी हॉस्पिटल में भर्ती गंभीर बीमार मरीज संदीप मंडल को बी पॉजिटिव एसडीपी की जरूरत है। जिसकी सूचना पर रक्तवीर राजेश खोईवाल ने हैदराबाद AIG हॉस्पिटल में पहुंच कर पहली बार बी पॉजिटिव एसडीपी डोनेशन कर अपने जीवन काल का 75 वा स्वेच्छिक रक्तदान कर अनजान मरीज का जीवन बचाया। इस दौरान संजीवनी जन कल्याण सेवा समिति के सुनील भावसार अरविंद कच्छवाह डॉ अनिल मर्मिट मोजूद रहे।

## नीमरानी में विराट हिंदू सम्मेलन हुआ संपन्न सर्व समाज से लगभग 6 हजार लोगो ने की सहभागिता

चमकता राजस्थान



**खरगोन।** जिले के ग्राम नीमरानी में 18 जनवरी रविवार को विराट हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम समरसता ओर एकता के साथ संपन्न हुआ जिसमें नीमरानी मंडल अंतर्गत आने वाले ग्राम पानवा चिचली नगावा नीमरानी साटकखल खलटाका सिंगाचोरी एशियन बेड़ी सहित कुल 8 ग्रामों से हजारों की संख्या में महिला, पुरुष एवं बच्चों ने कार्यक्रम में भाग लेकर इसे सफल बनाया।

सम्मेलन में सकल हिंदू समाज की व्यापक सहभागिता देखने को मिली।कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात मंचासीन अतिथियों और समाज प्रमुखों का ग्रामीणों द्वारा तिलक लगाकर एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। सम्मेलन की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि सभी जाति और समाज के लोग बिना किसी भेदभाव के एक मंच पर एकत्रित हुए जिससे सामाजिक समरसता का भाव स्पष्ट रूप से दिखाई दिया ।कार्यक्रम में सेवा भारती से मातृ शक्ति विद्या पाटीदार बालसमुद ने ''पंच परिवर्तन'' विषय पर अपने विचार रखे।संत समाज से त्र्यंबकेश्वरानंद जी महाराज ने भी अपने उद्बोधन में सामाजिक चेतना और नैतिक मूल्यों पर बल दिया।जिला प्रचारक आरएसएस खरगोन कीर्तिश भागवत ने कहा कि देशभर में आयोजित हो रहे हिंदू सम्मेलन समाज को जागरूक और संगठित कर रहे हैं तथा संगठित समाज ही राष्ट्र को सशक्त बना सकता है।ग्राम नीमरानी के पिंटू जोशी ने कश्मीरी पंडितों की पीड़ा पर आधारित कविता का पाठ कर उपस्थित जनसमूह को भावुक कर दिया और समाज को संगठित रहने की प्रेरणा दी।कार्यक्रम के समापन पर सहभोज का आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोगों ने एक साथ भोजन किया। कार्यक्रम में पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा।

## श्री साहू समाज नवयुवक मंडल ब्यावर द्वारा स्वागत सम्मान व प्रेरणादायक उदबोधन का आयोजन साहू वाटिका में किया



**चमकता राजस्थान/ब्यावर।** श्री साहू समाज नवयुवक मंडल ब्यावर द्वारा निःशुल्क कोचिंग क्लासेज में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले शिक्षक- ों व प्रोफेसर व साहू समाज के गणमान्य लोगों का स्वागत सम्मान व प्रेरणादायक उदबोधन का आयोजन साहू वाटिका में किया गया,इस कार्यक्रम की शुरुवात समाजसेवी इंदरसिंह जी बागावास,पृथ्वीसिंह भोजपुरा,व शिक्षक संघ से राम जी मीणा व साहू समाज समिति साहू वा-टका के अध्यक्ष बुद्धाराम जादम,माणक जादम,कैलाश धावा,सत्यनारायण मेहरानिया,प्रकाश जी मेहरानिया, व नवयुवक मंडल अध्यक्ष दिलीप मावर,प्रोफेसर नितिन साहू व कार्यकरिणी द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यर्पण कर दीप जलाकर किया गया किया गया तत्पश्चात राष्ट्रगान वादन करके किया गया,निःशुल्क शिक्षा में साहू समाज के छात्र व छात्राओं के अलावा सर्वसमाज के छात्र छात्राओं ने भी निःशुल्क कोचिंग का लाभ लिया व मंच पर मोटिवेशन स्पीच देकर शिक्षकों व प्रोफेसर के सम्मान में अपने उद्गार प्रकट किए,साहू समाज से अभी (फ्अर) परीक्षा उतीर्ण करने वाली प्रीति साहू,व योगिता साहू ने भी सभी छात्र छात्राओं को अपने शिक्षा के सफर को मोटिवेशन स्पीच में सभी बच्चों को मोटिवेट किया,शिक्षा के इस त्यौहार में सर्वसमाज के बहुत से गणमान्य नागरिकों ने भाग लेक- र इस कार्यक्रम को सफल बनाया,नवयुवक मंडल टीम से महेंद्र डीया (अ५.),अनिल गुलाणीया (अन्ना),जैकी साहू,राजेश अंडेरिया,राम अजमेरा,सिकन्दर आसरवा,गोविंद आसरवा,विमल अजमेरा,रिंकु किशोदनिया,जितेंद्र मावर,जम्मू पंचौली,बृजेश गुलाणीया,देवीलाल धावा,विनय अजमेरा,अशोक बालोदिया,ने अपनी सेवाएं दी,व इस कार्यक्रम को सफल बनाने में चंदन गोयल,भरत चौधरी,हर्ष जैन ने भी पिछले कई समय से अपनी सेवाए देकर अभिभूत किया,अंत मे नितिन साहू ने सभी छात्र व छात्राओं व कार्यक्रम में पधारे माता पिता सभी का आभार व्यक्त किया व भविष्य में भी इस प्रकार सर्वसमाज के छात्र छात्राओं के लिए निःशुल्क कोचिंग क्लासेज लगाने का आश्वासन दिया ।

## सवाई माधोपुर के खंडार में स्कूल शिक्षा परिवार का तहसील अधिवेशन

- शिक्षा के क्षेत्र में निजी स्कूलों का महत्वपूर्ण योगदान : अनिल शर्मा



**चमकता राजस्थान/सूरज मल वैष्णव/बौली।** सवाई माधोपुर जिले के उपखंड खंडार में स्कूल शिक्षा परिवार का तहसील अधिवेशन आयोजित किया गया ।जिसमें स्कूल शिक्षा परिवार के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अनिल शर्मा मुख्य वक्ता ,प्रदेश उपाध्यक्ष आचार्य लोकेंद्र शर्मा , जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार शर्मा व भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष महावीर गडासिया उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष अनिल शर्मा ने सभी स्कूल संचालकों को संबोधित करते हुए कहा की हमें बच्चों को अच्छी शिक्षा देनी चाहिए ।एक कक्षा में देश का भावी राजनीतिज्ञ ,वैज्ञानिक,डॉक्टर, इंजीनियर,आदि बनते है ।बच्चे ही देश का भविष्य है और स्कूल संचालकों को बताया कि हमें निजी स्कूल संचालन में जो समस्याएं आती है हमें उन आदेश, निर्देशों की जानकारी रखनी चाहिए जिससे स्कूल संचालन में कोई कठिनाई नहीं आएगी। प्रदेशाध्यक्ष ने आरटीई,टीसी,लाडो योजना, ईएसआई ,आदि स्कूल संचालन में आ रही समस्याओं का विस्तार से समाधान बताया ।साथ ही खंडार तहसील के सभी निजी स्कूलों के मेधावी छात्रों को पारितोषिक वितरण किया गया।

खंडार ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र कुमार गौतम ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में बोली महावीर सिंह नाथावत, चौथ का बरवाड़ा से कमलेश कुमार शर्मा ,गंगापुर सिटी नीतू सिंह धाबाई ,मलाना डूंगर से उमेश कुमार शर्मा के साथ जिले की सभी तहसीलों की कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे ।मंच का संचालन बंटी सागर वैष्णव ने किया।

## कैबिनेट मंत्री जोगाराम कुमावत का गंगापुर सिटी आगमन पर भाजपा,जिला अध्यक्ष निवास पर स्वागत किया गया



**चमकता राजस्थान /(साबिर मोहम्मद) गंगापुर सिटी /सवाई माधोपुर)।** राजस्थान शहर में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के आगमन पर स्वागत एवं अभिनन्दन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत (राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री) के साथ राज्य मंत्री प्रहलाद रॉय टॉक तथा भाजपा प्रदेश प्रवक्ता मदन प्रजापत का भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भव्य स्वागत किया

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक श्री मानसिंह गुर्जर के आवास पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं, साफा और सम्मान चिह्नों के साथ अतिथियों का अभिनन्दन किया। भाजपा के स्थानीय नेताझकार्यकर्ता, सदस्य तथा समर्थक इस स्वागत समारोह में उपस्थित रहे और कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए उत्साह व्यक्त किया।

इस कार्यक्रम से क्षेत्र में भाजपा संगठन की सक्रियता और स्थानीय नेतृत्व की एकजुटता का संदेश मिला, तथा पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच सकारात्मक संवाद और सहयोग का वातावरण देखा गया।

इस अवसर पर सभापति शिवरतन अग्रवाल, जिला मोर्चा संयोजक जमना लाल वैष्णव, शहर मण्डल अध्यक्ष मिथलेश व्यास, पूर्व जिला महामंत्री मनोज बंसल, रामभरोसी वैष्णव, घासी लाल गुर्जर, गिरधारी सोनी, हरिकेश गुर्जर, गोविन्द रफ़्र, नारायण महावर, मुकेश बंजारा, राजू हवीवपुर, रघुनाथ गुर्जर, चिरंजी लोधा, ओमप्रकाश डांगयाच, गोपाल गर्ग, मोहन ठेकेदार, विकास सैनी, मनीष सिराधना, समस्त गोशाला के अध्यक्ष पदाधिकारी, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दरोगा परीक्षा हेतु रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए जीआरपी के जवान तैनात



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** आज बिहार दारोगा प्रारंभिक परीक्षा हेतु लखीसराय रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए जीआरपी के जवान तैनात दिखें पटना हावड़ा मुख्य रेल मार्ग में लखीसराय और किउल जंक्शन यात्रियों के लिए एक अति महत्तपूर्ण रेल्वे स्टेशन हैं यहाँ कई मुख्य रूटों से हजारों की संख्या में छात्र छात्राएं परीक्षा देने पहुँचे लखीसराय मे के.आर.के हाई स्कूल, नाथ पब्लिक स्कूल, दुर्गा हाई स्कूल, हसनपुर हाई स्कूल सहित कई बड़े सरकारी/निजी स्कूलों में भी बिहार दारोगा परीक्षा का सेंटर दिया गया हैं किसी भी परीक्षार्थियों को सेंटर पहुँचने में कोई तकलीफ ना हो इसलिए सभी एक्जाम सेंटर के पास भी बिहार पुलिस के जवान यातायात सुरक्षा एवं सहायता कार्यो के लिए लगे हुए हैं।

## बिरला व्हाइट की CSR पहल 'खेलांजलि 2026' बनी महिला सशक्तिकरण की मिसाल

चमकता राजस्थान



**जोधपुर / खारिया खंगार/मेहराम गहलोत।** अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड की इकाई बिरला व्हाइट द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) के अंतर्गत ''खेलांजलि 2026 झ नारी शक्ति खेल ग्राम महोत्सवः कला एवं कौशल का अनोखा संगम'' का भव्य आयोजन बिरला व्हाइट परिसर में किया गया। आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं एवं बालिकाओं को खेल, कला और कौशल के माध्यम से सशक्त मंच प्रदान करना रहा।

महोत्सव में जोधपुर एवं नागौर जिले की 8 ग्राम पंचायतों के 14 गाँवों से आई 16 टीमों की 320 महिलाओं एवं बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने खो-खो, मटका रेस, 100 मीटर दौड़, चम्मच-नींबू दौड़ सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा, अनुशासन और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया। साथ ही राजस्थानी लोकनृत्य एवं पारंपरिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को सांस्कृतिक रंगों से सराबोर कर दिया।

कार्यक्रम में सुरभी महिला मंडल एवं सरस्वती महिला मंडल की महिलाओं की सक्रिय सहभागिता रही। शुभारंभ बिरला व्हाइट संयंत्र प्रमुख श्री आलोक निगम द्वारा ध्वजारोहण एवं मशाल प्रज्वलन के साथ किया गया। सभी 320 महिला खिलाड़ियों ने अनुशासित मार्चपास्ट में भाग लिया। इस अवसर पर आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने बैंड के साथ गीत, कविताएँ एवं प्रेरक नारों की प्रस्तुति दी।

खेल गतिविधियों के साथ-साथ घूमर नृत्य, सिर पर मटका रखकर नृत्य तथा पारंपरिक लोकनृत्यों की प्रस्तुति दी गई। पालड़ी सिद्धा, टुंकलिया, टालनपुर, खारिया खंगार, खांगटा, हनुमान नगर एवं बासनी खारिया गाँवों से आई झांकियों में नारी शक्ति, स्वाभिमान, महिला कौशल एवं नशा मुक्ति जीवनशैली को प्रभावी ढंग से दर्शाया गया।



## 26 जनवरी से पहले दिल्ली में अलर्ट, मेट्रो स्टेशनों-बाजारों में लगाए वांटेट आतंकियों के पोस्टर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की राजधानी दिल्ली में 77वें गणतंत्र दिवस की तैयारियां जोरों पर हैं, लेकिन सुरक्षा एजेंसियां किसी भी सूरत में कोई जोखिम नहीं लेना चाहतीं। इसी वजह से मेट्रो स्टेशनों, चौराहों और व्यस्त बाजारों में ताजा 'मोस्ट वांटेड' आतंकियों के पोस्टर चिपका दिए गए हैं। ये पोस्टर लोगों को सतर्क करने के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था की मजबूती का भी संकेत दे रहे हैं। टीओआई की एक रिपोर्ट के अनुसार, पोस्टरों में सबसे प्रमुख नाम है अर्शदीप सिंह उर्फ अर्श डल्ला का, जो खालिस्तान टाइगर फोर्स का चीफ है। यह शख्स पहले पंजाब में गैंगस्टर था, लेकिन अब कनाडा से बैठकर अंतरराष्ट्रीय आतंकी नेटवर्क चला रहा है। हरदीप सिंह निज्जर की मौत (जून 2023 में कनाडा में) के बाद उसने संगठन की कमान संभाली। खुफिया एजेंसियां इसे सांप्रदायिक अशांति फैलाने का मास्टरमाइंड मानती हैं। सबसे चर्चित मामला 2022 का है, जब दिल्ली में एक हिंदू व्यक्ति की हत्या कराई गई। हत्यारों नौशाद और जग्गा ने शिकार को सिर्फ इसलिए चुना क्योंकि उसके शरीर पर शिव और त्रिशूल का टैटू था। अर्श डल्ला फिलहाल कनाडा में है, जहां हाल ही में उसकी एक गोलीबारी की घटना में शामिल होने की खबर आई। भारतीय एजेंसियां उसके नेटवर्क को खत्म करने में जुटी हैं ताकि गणतंत्र दिवस पर कोई गड़बड़ न हो। इसके अलावा पोस्टरों में खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स के चीफ रंजीत सिंह नीता और परमजीत सिंह पम्मा को जगह मिली है । नीता लंबे समय से हथियार तस्करी और बॉर्डर पार मिलिटेंसी का खेल खेल रहा है। वहीं पम्मा अलगाववादी गतिविधियों के लिए लॉजिस्टिक्स और फंडिंग का इंतजाम करता है। दिल्ली पुलिस इन सभी को साथ रखकर साफ संदेश दे रही है कि खालिस्तानी आतंक को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सुरक्षा बल खालिस्तानी धमकी के साथ-साथ जिहादी तत्वों पर भी फोकस कर रहे हैं। नए पोस्टरों में संभल के दीपा सराय से शरजील अख्तर, आईएस मॉड्यूल केस में वांटेड मोहम्मद रेहान और अल-कायदा से जुड़ा झारखंड के चतरा का मोहम्मद अबू सुफियान भी शामिल है।

सुफियान 2012 में जमशेदपुर के एक मदरसे में ट्रेनिंग ले चुका है। उसके बाद पाकिस्तान गया, नेपाल होते हुए 2015 में भारत लौटा। यहां मौलाना अब्दुल रहमान से मिलकर उसने अल-कायदा इन इंडियन सबकॉन्टिनेंट के लिए कैडर तैयार करना शुरू किया। वह कभी गिरफ्तार नहीं हुआ। खुफिया एजेंसियों का मानना है कि वह अब अफगानिस्तान या पीओके में है और भारत में सो स्लीपर सेल्स के जरिए युवाओं को भर्ती-ट्रेनिंग दे रहा है।

## ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर में बनेगा नमो भारत ट्रेन जंक्शन

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** गाजियाबाद के सिद्धार्थ विहार और गुरुग्राम से फरीदाबाद होकर नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक चलने वाली दोनों नमो भारत ट्रेन परियोजना का ग्रेटर नोएडा के सूजरपुर में जंक्शन बनेगा। सूजरपुर में दोनों लाइनें आपस में जुड़ेंगी। आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार (महुआ) और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) की बैठक में यह निर्णय हुआ। फिलहाल इसके वित्तीय मॉडल पर मुहर लगना बाकी है। नोएडा एयरपोर्ट तक गाजियाबाद के सिद्धार्थ विहार से नमो भारत और मेट्रो के 72.4 किलोमीटर ट्रैक की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार है। हालांकि, पूर्व में नमो भारत को दिल्ली सराय काले खां से जोड़कर चलाने पर मंथन हुआ था, लेकिन अब गाजियाबाद से ही इसे एयरपोर्ट तक अंतिम रूप दिया जाएगा। यह 71.3 किलोमीटर ट्रैक एलिवेटेड और 1.1 किलोमीटर अंडरग्राउंड होगा। इस ट्रैक पर 22 स्टेशन बनेंगे, जिनमें 11 नमो भारत और 11 मेट्रो के होंगे। यह रूट दो हिस्सों में तैयार होगा। पहला गाजियाबाद के सिद्धार्थ विहार से शुरू होकर चार मूर्ति होते हुए इकोटेक-6 और दूसरा इकोटेक-6 से यमुना सिटी के सेक्टर-17, 18 व 21 (फिल्म सिटी) होते हुए नोएडा एयरपोर्ट तक जाएगा। डीपीआर को उत्तर प्रदेश सरकार ने सैद्धांतिक सहमति देते हुए नवंबर 2024 में महुआ को भेजा। गत 29 दिसंबर को दिल्ली में अर्बन ट्रांसपोर्ट की बैठक हुई। बैठक में महुआ, एनसीआरटीसी, नायल के अधिकारी शामिल हुए थे।

# सुरक्षित सफ़र का संकल्प: जोधपुर-पाली एक्सप्रेसवे पर सड़क सुरक्षा का सशक्त संदेश

चमकता राजस्थान

प्रवीण सिंह ओड/पाली। 37वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह - 2026 के अवसर पर जोधपुरझपाली एक्सप्रेसवे प्रा. लि. (JPEPL) द्वारा निम्बली टोल प्लाज़ा पर फ्ट/क्ट एवं टोल स्टाफ के लिए सड़क सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण तथा जनजागरूकता रैली का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों के साथ-साथ आम सड़क उपयोगकर्ताओं में सुरक्षित, जिम्मेदार एवं अनुशासित यातायात व्यवहार को प्रोत्साहित करना रहा। आयोजित प्रशिक्षण सत्र में लाइव ट्रैफिक परिस्थितियों में कार्य करते समय उत्पन्न होने वाले जोखिमों, उनके प्रभावी नियंत्रण उपायों तथा सुरक्षित कार्य प्रणाली पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान ल्ञरएर प्रोटोकॉल, लाइफ़-सेविंग रूल्स, ढढए के अनिवार्य उपयोग, सड़क दुर्घटना आँकड़ों का विश्लेषण एवं उनमें सुधार की संभावनाओं पर विशेष बल दिया गया। इसके अतिरिक्त इंसिडेंट मैनेजमेंट, आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली तथा रात्रि एवं धुंध के दौरान सुरक्षित ड्राइविंग से जुड़े महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी साझा किए गए। प्रशिक्षण को अधिक प्रभावी एवं व्यवहारिक बनाने के उद्देश्य से रोड सेफ़्टी एंथम एवं शॉर्ट अवेयरनेस वीडियोज़ का प्रदर्शन किया गया, जिससे प्रतिभागियों में सुरक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित हुआ। प्रशिक्षण के उपरांत आयोजित जनजागरूकता रैली के माध्यम से सड़क उपयोगकर्ताओं को लेन अनुशासन, नियंत्रित गति, सीट-बेल्ट एवं हेल्मेट के उपयोग, मोबाइल फोन से परहेज़, वर्क-ज़ोन साइनएज व फ़्लैगमैन के निर्देशों के पालन तथा गुड सेमेरिटन कानून के प्रति जागरूक किया गया।

इस पहल से न केवल SOP अनुपालन को मजबूती मिली, बल्कि त्वरित आपात प्रतिक्रिया क्षमता में वृद्धि, सेकेंडरी दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा संगठन में ''सेफ़्टी-फर्स्ट'' संस्कृति को भी सुदृढ़ बल मिला जोधपुर - पाली एक्सप्रेसवे प्रा. लि. द्वारा किया गया यह प्रयास सड़क सुरक्षा के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है और सुरक्षित, जिम्मेदार एवं अनुशासित यातायात व्यवस्था की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम सिद्ध हो रहा है।



## अगर भारत में कुछ भी होता है, तो इसके बारे में हिंदुओं से पूछा जाएगा: मोहन भागवत



**नागपुर, एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि भारत में कुछ भी अच्छा या बुरा घटित हो, तो हिंदुओं से इसके बारे में पूछा जाएगा, क्योंकि भारत केवल एक भौगोलिक क्षेत्र का नाम नहीं, बल्कि देश का चरित्र है । भागवत ने कहा कि हिंदू समाज पारंपरिक रूप से समावेशी और सभी को स्वीकार करने वाला रहा है जो रीति-रिवाजों, पहनावे, खान-पान, भाषा, जाति और उपजाति में विविधता को अपनाता है । इन मतभेदों को संघर्ष का कारण नहीं बनने देता । उन्होंने यह बातें मध्य महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर जिले के गंगापुर में आयोजित हिंदू सम्मेलन में कहीं । आरएसएस प्रमुख ने कहा, 'जो लोग एकीकरण और सद्भावपूर्ण सह-अस्तित्व में विश्वास रखते हैं, वे हिंदू समाज और देश के सच्चे चरित्र का प्रतिनिधित्व करते हैं । यह परंपरा सदियों से आक्रमणों और विनाश के बावजूद संरक्षित रही है । ऐसे लोग हिंदू कहलाते हैं और उनकी भूमि भारत कहलाती है ।' उन्होंने कहा कि अगर लोग अच्छे, दृढ़ और ईमानदार बनने का प्रयास करें तो देश भी वैश्विक मंच पर इन गुणों को प्रदर्शित करेगा । उन्होंने कहा कि विश्व भारत से कुछ अपेक्षा रखता है और पर्याप्त शक्ति व प्रभाव होने पर देश सार्थक योगदान देने में सक्षम होगा । भागवत ने कहा कि शक्ति में केवल सशस्त्र बल ही नहीं, बल्कि बुद्धि, सिद्धांत और नैतिक मूल्य भी शामिल होते हैं ।

# माघ मेला 2026: देश की पहली किन्नर वकील बनीं महामंलेश्वर, 11 संतों का हुआ पट्टाभिषेक



**प्रयागराज, एजेंसी।** प्रयागराज में पिछले दिनों जिले में गठित हुए सनातनी किन्नर अखाड़े का माघ मेला क्षेत्र में विस्तार हो रहा है। मेला में पहली बार हुए पट्टाभिषेक कार्यक्रम में अखाड़े में 11 संतों को पद दिया गया। जिसमें 10 को महामंडलेश्वर बनाया गया, जबकि एक संत को महंत बनाया गया है। इन लोगों में एक पुरुष व दो महिला शामिल हैं। साथ ही देश की पहली किन्नर अधिवक्ता को भी महामंडलेश्वर की जिम्मेदारी दी गई है।

अखाड़े में पट्टाभिषेक से पहले उन सभी मान्यताओं और नियमों का पालन किया गया, जिसका निर्वहन परंपरागत रूप से चले आ रहे 13 अखाड़े करते हैं। पांच गुरुओं से दीक्षा दिलाई गई। एक गुरु ने लंगोटी दी, दूसरी ने कंठी, एक ने चोटी काटी और एक ने भस्म दी। सभी ने पहले संगम पर खुद का पिंड दान किया और नियमों को पूरा कर गंगा स्नान किया। जिसके बाद आचार्य महामंडलेश्वर कौशल्यानंद गिरि 'टीना मां' ने गुरुमंत्र दिया। जिन संतों को पद दिया गया है, उसमें दिल्ली से पूनम मां, देहरादून से नीतेश शंकर नंद गिरि, कोलकाता से अभिरूपा रंजीता, दिल्ली से पवित्रानंद गिरि, हरिद्वार किन्नर धाम से तारा, पंजाप से सोनम नंद गिरि, महाराष्ट्र से उमा पुजारी, ज्योति स्वामी, श्रीगायत्री, प्रयागराज से संजना कौशल्यानंद गिरि को महांडलेश्वर बनाया गया है, जबकि प्रयागराज की रानी कौशल्यानंद गिरि को महंत का पट्टाभिषेक किया गया है।

कोलकाता की अभिरूपा रंजीता देश की पहली महिला किन्नर अधिवक्ता हैं। वहीं पवित्रा और तारा महिलाएं हैं और नीतेश पुरुष हैं। आचार्य महामंडलेश्वर कौशल्यानंद गिरि ने बताया कि समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़ने के लिए हर समुदाय को शामिल किया गया है। संतों ने बताया कि आने वाले दिनों में कश्मीरी पंडितों और दक्षिण भारत के लोगों को भी संत बनाया जाएगा।

### रील मत बनाओ, सनातन को बढ़ाओ

किन्नर अखाड़े में शुक्रवार को सात महामंडलेश्वर, छह श्रीमहंत, 11 महंत और 21 कंठी चेला बनाए गए । किन्नर अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने सभी को गुरु मंत्र देकर दीक्षा दी । इस दौरान आचार्य ने सभी से कहा कि रील मत बनाओ, सनातन धर्म को आगे बढ़ाओ । उन्होंने आने वाले कुम्भ मेलों की तैयारियों में जुटने के लिए कहा । किन्नर अखाड़ा के आचार्य वैष्णव अखाड़ा के अध्यक्ष पद की घोषणा की गयी, उडीसा की महामंडलेश्वर स्वामी देवांशी को अध्यक्ष बनाया गया । उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ की पारोनंद गिरि, महाराष्ट्र की नेहानंद गिरि, ओडीसा की देवांशी नंद गिरि (रक्षा नंद गिरि), रांची की अमरजीत नंद गिरि रांची, दिल्ली की शालूनंद गिरि और जबलपुर की साक्षीनंद गिरि जबलपुर को महामंडलेश्वर बनाया गया । जबकि राधिकानंद गिरि, किंजल, कामाक्षी नंद गिरि, सुनील नंद गिरि और शुभम नंद गिरि सहित 21लोगों को कंठी चेला और 11 महंत बनाए गए हैं ।

# लोग पूछते हैं कि मैं मोदी से अक्सर क्यों मिलता हूं: मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने शुक्रवार को कहा कि राज्य की बेहतरी के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से जितनी बार भी मिलना पड़े वो मिलेंगे। निर्मल जिले में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए रेड्डी ने कहा कि वे प्रधानमंत्री से आदिलाबाद जिले के लिए हवाई अड्डा मंजूर करने का अनुरोध करेंगे ताकि संपर्क सुविधाओं में सुधार हो सके। उन्होंने कहा कि कई लोग मुझसे पूछते हैं कि मैं नरेन्द्र मोदी से अक्सर क्यों मिलता हूं। वे मेरे रिश्तेदार नहीं हैं और हमारा कोई व्यक्तिगत संबंध नहीं है, लेकिन वे देश के प्रधानमंत्री हैं। हवाई अड्डा केवल प्रधानमंत्री की मंजूरी से ही बन सकता है। बड़ी उद्योग संस्थाएं आएंगी और धन आवंटित होगा।



**मेरा व्यक्तिगत एजेंडा नहीं:** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के विकास के लिए किसी से भी मिलने में मैं एक क्षण के लिए भी हिचकिचाऊंगा नहीं। मैं उनसे सिफारिशों के लिए नहीं मिलता। मेरा कोई व्यक्तिगत एजेंडा नहीं है। रेड्डी ने कहा कि राज्य सरकार गोदावरी नदी पर तुम्मदिहट्टी में एक सिंचाई परियोजना का निर्माण करने की योजना भी बना रही है और इस परियोजना के लिए पड़ोसी महाराष्ट्र के सहयोग की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के समर्थन से महाराष्ट्र प्रस्तावित परियोजना के लिए आवश्यक मंजूरी प्रदान करेगा।

**बीआरएस पर साधा निशाना:** विपक्षी बीआरएस पर निशाना साधते हुए रेड्डी ने आरोप लगाया कि पार्टी ने अपने 10 साल के शासनकाल के दौरान तेलंगाना लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने बीआरएस अध्यक्ष के चंद्रशेखर राव को सलाह दी कि यदि वे राज्य सरकार को रचनात्मक सलाह नहीं दे सकते हैं तो उन्हें गुमराह करने वाले बयान देने से बचना चाहिए।

# फडणवीस सरकार से इस्तीफा देंगे अजीत पवार?

### भाजपा के हाथों मिली करारी हार के बाद उठने लगे सवाल

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के सभी नगर निकाय चुनावों के परिणाम आ चुके हैं और भारतीय जनता पार्टी ने पुणे और पिंपरी-चिंचवाड़ में अपना दबदबा न केवल बरकरार रखा है, बल्कि उसे और मजबूत किया है। अजीत पवार और शरद पवार की एकजुटता का दांव भाजपा के विजय रथ को रोकने में नाकाम रहा। भाजपा ने दोनों नगर निगमों में पूर्ण बहुमत हासिल कर लिया है।

पुणे में भाजपा को 165 में से 110 सीटें मिली हैं। वहीं, एनसीपी और शरद पवार कैंप को मात्र 2 सीटें मिली हैं। पिंपरी-चिंचवाड़ की 128 सीटों में से भाजपा को 81 और अजीत गुट को सिर्फ 36 सीटें मिली हैं। भाजपा ने पहली बार इन दोनों नगर निगमों में अपने दम पर सत्ता हासिल की है। इससे पहले वह गठबंधन का हिस्सा रही थी।

**पवार फैमिली का भविष्य क्या है?:** अजीत पवार और शरद पवार के फिर से साथ आने के बावजूद मिली इस करारी हार ने दोनों गुटों के सामने अस्तित्व का संकट खड़ा कर दिया है। महायुति



सरकार में रहते हुए भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़ना और भ्रष्टाचार के आरोप लगाना उनके लिए उल्टा पड़ गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने यहां तक कह दिया कि पार्टी को अजीत पवार को साथ लेने पर पछतावा है। अब अजीत पवार को या तो भाजपा के सामने झुककर रहना होगा या फिर पूरी तरह अपने चाचा के साथ विलय की संभावना तलाशनी होगी। शरद पवार की पार्टी 24 नगर निकायों में अपना खाता तक नहीं खोल पाई है। पुणे जैसे अपने गढ़ में मात्र 2 सीटें जीतना पार्टी के संगठनात्मक ढांचे के चरमराने का संकेत है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए दोनों एनसीपी गुटों का स्थायी रूप से मिल जाना ही उनके बचने का एकमात्र रास्ता हो सकता है।

# सुदामा में स्व. पाठक की शोक सभा आयोजित

चमकता राजस्थान

**बूँदी।** नैनवा रोड स्थित आसरा वृद्धाश्रम सुदामा सेवा संस्थान बून्दी में सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य व संस्थान के हितैषी स्व. पद्माकर पाठक के निधन उपरांत शोकसभा आयोजित की गई! सस्थान से जुड़े मनीष गौतम ने बताया कि की लगातार 8 वर्षों से निस्वार्थ भाव नियमित संस्थान में सेवा दे रहे श्री पद्माकर पाठक का निधन दिनांक 13 जनवरी को हो गया उसके बाद संस्थान में शोक की लहर दौड़ गई और उसी के क्रम में संस्थान में उनकी सेवा, संस्थान के संरक्षक हरिमोहन शर्मा के आदेश अनुसार और सभी पदाधिकारी एवं आवासियो की भावना और उनके प्रेम स्नेह को देखते हुए शोक सभा आयोजित की गई! शोक सभा में दिवंगत



आत्मा को शांति प्रदान करने हेतु 2 मिनट का मौन धारण एवं 5 बार गायत्री मंत्र का जाप किया गया और स्वर्गीय पाठक जी की प्रतिमा पर सभी आवासियों और पदाधिकारी ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की!

संस्थान के मंत्री छुटनलाल शर्मा ने शोक सभा के दौरान कहा की पद्माकर पाठक लगातार 8 वर्षों से सुदामा सेवा संस्थान में आप सभी लोगों की सेवा करते आ रहे हैं उनका नियमित घर से निकलकर हहा आना और आप सभी की समस्याओं को जानकर समाधान करने का प्रयास रहा है। मैं उनसे कई वर्षों से परिचित हूं उनका सरल सुगम सहज स्वभाव एक अलग ही व्यक्तित्व को दर्शाता है। उनका ऐसे चले जाना संस्थान के लिए बड़ा दुख है। इस अवसर पर संस्थान से जुड़े मनीष गौतम ने उनको श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सभी आवासियों से अनुरोध किया कि अब वह इस संस्थान में आ तो नहीं पाएंगे लेकिन उनकी संस्थान के लिए हमेशा से ही 2-3 इच्छाएं रहती थी सभी आवासी स्वस्थ रहे और सभी के कमरों में साफ सफाई रहे। तो आप उनको अगर अपने मन से सच्ची श्रद्धांजलि देना चाहते हैं तो आप सब आज संकल्प ले कि हम सभी उनकी भावना के अनुसार प्रतिदिन हमारे कमरों में साफ सफाई और स्वयं का स्वास्थ्य का ख्याल रखेंगे!

शोकसभा में राजेंद्र शर्मा, ओमप्रकाश जैन, सुरेश चंद्र शर्मा, कन्हैयालाल सैनी व बिरधी लाल रेगर सहित सभी आवासी उपस्थित रहे!

# 'SIR Support Team' लिखी-शर्ट पहनकर नए नाम जुड़वाने के लिए किया जागरूक

## संयोजक के साथ बूथ अध्यक्ष अलग अंदाज में पहुंचे आम जनता के बीच

चमकता राजस्थान

**मनीष मेहता/जोधपुर।** भाजपा, प्रतापनगर मंडल के सरगरा कॉलोनी शक्ति केंद्र के सभी बूथों पर रविवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में पूरी गहनता के साथ जुटकर सभी पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जुड़वाने तथा बोगस नाम मतदाता सूची से हटवाने के लिए अभियान चलाया। इस दौरान शक्ति केंद्र संयोजक विष्णु सरगरा के साथ बूथ अध्यक्षो ने रक्फ्र को लेकर जागरूकता का संदेश दिया। राष्ट्रहित सर्वोपरि रक्फ्र रवढढडफ्ळ ळएअटर लिखी टी-शर्ट और केप पहनकर विष्णु सरगरा



के साथ बूथ अध्यक्ष अपने अपने क्षेत्र में अलग अंदाज में आम जनता के बीच पहुंचे। सरगरा ने कहा कि भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल और सूरसागर विधायक देवेंद्र जोशी के आदेशानुसार इस अभियान को चलाया गया। आज दावा और आपत्ति दर्ज कराने के लिए अंतिम दिन था, सभी योग्य मतदाताओं को सूची में शामिल करने को सुनिश्चित करने के लिए हम वार्ड, गली और हर व्यक्ति तक पहुंचने का प्रयास किया है। मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया लोकतांत्रिक जागरूकता का व्यापक अभियान है। कोई भी पात्र नागरिक मतदाता बनने से छूट न जाएं और कोई भी बोगस नाम मतदाता सूची में शामिल ना रह पाए, इस दोहरी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ निभाना है।

इस दौरान शक्ति केंद्र के बूथ अध्यक्ष मंजू मेवाड़ा, पिंटु सोढ़ा, युगल आसेरी, वरणसिह, भागीरथ, मुकेश, राकेश, प्रज्ञानंद, सुशीला, कुनाल व रामीदेवी के साथ आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक नजर

### रोहित शर्मा के नाम नया रिकॉर्ड, धोनी-कोहली के क्लब में हुई एंट्री, ऐसा करने वाले छठे खिलाड़ी बने

संवाददाता, नई दिल्ली




भारत बनाम न्यूजीलैंड मैच में टॉस हारने के बाद कीवी टीम ने पहले बल्लेबाजी की और भारतीय गेंदबाजों के खिलाफ शानदार बैटिंग की। न्यूजीलैंड ने 50 ओवर में 8 विकेट खोकर 337 रनों का स्कोर खडा किया है। वहीं, जब टीम रोहित शर्मा मैदान पर उतरे, तो उन्होंने एक खास सेंचुरी को पूरा कर लिया। यह शतक रनों का नहीं, बल्कि मैचों का है। रोहित शर्मा अब उस एलीट लिस्ट में शामिल हो गए हैं, जिसमें सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली जैसे दिग्गज पहले से मौजूद हैं।

**न्यूजीलैंड ने दी 338 रनों की चुनौती**

इंदौर का होलकर स्टेडियम अपनी छोटी बाउंड्री और रनों की बारिश के लिए जाना जाता है। आज भी कुछ ऐसा ही देखने को मिला। न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों ने भारतीय गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उडा दीं। कीवी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए स्कोरबोर्ड पर 337 रन टांग दिए। सीरीज 1-1 की बराबरी पर है, ऐसे में यह निर्णायक मैच है। भारत को अगर यह सीरीज अपने नाम करनी है, तो उसे अब इस पहाड जैसे लक्ष्य को हासिल करना होगा। भारतीय बल्लेबाजों के लिए यह एक कडी परीक्षा होने वाली है।

**रोहित शर्मा का घर पर मैचों की सेंचुरी**

रोहित शर्मा जब इंदौर वनडे खेलने मैदान पर उतरे, तो यह उनके करियर का एक यादगार लम्हा बन गया। यह भारतीय सरजमीं पर रोहित शर्मा का 100वां वनडे मैच था। वह भारत में 100 वनडे मैच खेलने वाले सिर्फ छठे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। लिमिटेड ओवर्स क्रिकेट में रोहित की गिनती दुनिया के महानतम खिलाड़ियों में होती है और यह आंकड़ा उनकी महानता की गवाही देता है।

**सचिन और विराट के क्लब में एंट्री**

रोहित शर्मा से पहले केवल पांच भारतीय खिलाड़ी ही अपने देश में 100 या उससे ज्यादा वनडे मैच खेल पाए हैं। इस लिस्ट में सबसे ऊपर सचिन तेंदुलकर जिन्होंने भारत में 164 मैच खेले हैं। उनके अलावा विराट कोहली (130 मैच), एमएस धोनी (127 मैच), मोहम्मद अजहरुद्दीन (113 मैच) और युवराज सिंह (108 मैच) ने यह कारनामा किया है। अब रोहित शर्मा (100 मैच) भी इस शाही क्लब का हिस्सा बन गए हैं।

**100वें मैच में खामोश रहा हिटमैन का बल्ला**

रोहित शर्मा का भारत में रिकॉर्ड बेहद शानदार रहा है। उन्होंने घर पर खेले 100 मैचों की 99 पारियों में 55।75 की औसत से 5074 रन बनाए हैं, जिसमें 14 शतक शामिल हैं। हालांकि, उनका 100वां मैच उनके लिए बल्लेबाजी के लिहाज से अच्छा नहीं रहा। साउथ अफ्रीका के खिलाफ पिछली सीरीज में धमाकेदार प्रदर्शन करने वाले रोहित इस मैच में सिर्फ 11 रन बनाकर आउट हो गए। पूरी सीरीज में उनका बल्ला खामोश ही रहा है और तीन मैचों में वह केवल 61 रन ही बना सके। फैंस को उम्मीद थी कि इस खास मैच में रोहित बडी पारी खेलेंगे, लेकिन उन्हें निराशा हाथ लगी।

**टीम इंडिया की राह हुई मुश्किल**

रोहित शर्मा के जल्दी आउट होने के बाद भारत के लिए 338 रनों का पीछा करना और भी मुश्किल हो गया है। होलकर स्टेडियम में फैंस को उम्मीद थी कि कप्तान अपनी टीम को फ्रंट से लीड करेंगे और सीरीज जीत का तोहफा देंगे।

# न्यूजीलैंड ने रचा इतिहास, इंदौर वनडे 41 रन से जीता, भारत में पहली बार सीरीज अपने नाम की

संवाददाता, नई दिल्ली

न्यूजीलैंड की क्रिकेट टीम ने भारत के दौरे पर बड़ा कमाल कर दिया है। इंदौर के होल्कर स्टेडियम में रविवार को खेले गए तीसरे और निर्णायक मैच में न्यूजीलैंड ने भारत को 41 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही न्यूजीलैंड ने 3 मैचों की रोमांचक सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली है। यह जीत इसलिए भी बहुत खास है क्योंकि क्रिकेट के इतिहास में पहली बार न्यूजीलैंड ने भारत को उसी के घर में वनडे सीरीज में हराया है। इससे पहले कोई भी कीवी कप्तान यह कारनामा नहीं कर पाया था।

**मिचेल और फिलिप्स की सेंचुरी**

इंदौर में हुए इस मैच में न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों ने भारतीय गेंदबाजों के खिलाफ बड़ा स्कोर बनाया। डैरिल मिचेल ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए सीरीज का लगातार दूसरी सेंचुरी लगा दी। उनका साथ देने आए ग्लेन फिलिप्स ने भी सैंकड़ा लगा दिया। इन दोनों की पारियों के दम पर न्यूजीलैंड ने 50 ओवर में 8 विकेट खोकर 337 रन का बड़ा स्कोर खड़ा कर दिया। कीवी टीम ने न सिर्फ बैटिंग,




बल्कि अपनी गेंदबाजी और चुस्त फील्डिंग से भी मैच का पासा अपनी तरफ पलट दिया।

**विराट कोहली का शतक भी गया बेकार**

338 लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम इंडिया के लिए विराट कोहली ने उम्मीद की किरण जगाई थी। विराट ने एक बार फिर अपना क्लास दिखाते हुए शानदार सेंचुरी लगाई। लेकिन उन्हें दूसरे छोर से किसी बल्लेबाज का लंबा साथ नहीं मिल सका। पूरी भारतीय टीम कोशिश करने के बाद भी 296 रन ही बना सकी। विराट की यह मेहनत और जुझारू पारी भी टीम इंडिया को सीरीज हारने से नहीं बचा सकी।

**36 साल बाद खत्म हुआ जीत का सूखा**

न्यूजीलैंड के लिए यह जीत किसी सपने से कम नहीं है। आपको बता दें कि कीवी टीम 1988-89 से भारत में वनडे सीरीज खेलने आ रही है। पिछले 36 सालों में उन्होंने भारत में 7 वनडे सीरीज खेलीं, लेकिन हर बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा। लगातार 7 सीरीज हारने के बाद अब 8वीं कोशिश में न्यूजीलैंड को यह सफलता मिली है।


## इंदौर में मिचेल ने लगाई सेंचुरी, भारत के खिलाफ चौथी बार किया यह कारनामा

संवाददाता, नई दिल्ली

डैरिल मिचेल जब क्रीज पर आए उस समय न्यूजीलैंड टीम का स्कोर 5 रन दो विकेट के नुकसान पर था। टीम की स्थिति काफी खराब थी और ऐसे संकट के समय में उन्होने ध्यान से पारी खेली और एक सेंचुरी लगाई। यह सीरीज का आखिरी मैच है और मिचेल की 137 रन की इस पारी ने टीम इंडिया को फिर से मुश्किल में डाल दिया है। डैरिल मिचेल का भारत के खिलाफ यह चौथा वनडे शतक है।

**शुरूआती झटकों के बाद संभाली पारी**

न्यूजीलैंड के लिए इस करो या मरो वाले मुकाबले की शुरूआत अच्छी नहीं रही। टीम ने सिर्फ 58 रन के स्कोर पर ही अपने तीन अहम विकेट गंवा दिए थे। लेकिन डैरिल मिचेल ने क्रीज पर आते ही पारी को संभालने का काम किया। उन्होंने ग्लेन फिलिप्स के साथ मिलकर एक मजबूत साझेदारी

बनाई। दोनों के बीच चौथे विकेट टीम के लिए 219 रन की पार्टनरशिप हुई।

मिचेल ने पहले 56 गेंदों में फिफ्टी पूरी की और फिर सेट होने के बाद 106 गेंदों में सेंचुरी लगा दी। मिचेल ने इंदौर में 131 बॉल खेली जिसमें उन्होने 15 चौके और तीन छक्के लगाए। इसी के चलते उन्होने 137 रन की पारी खेली।

इस पूरी सीरीज में डैरिल मिचेल के बल्ले से रन निकल रहे हैं। सीरीज के पहले मैच में उन्होंने 84 रनों की पारी खेली, जबकि दूसरे मैच में नाबाद 131 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलाई थी। अब तीसरे मैच में भी उन्होने 137 रन बनाकर साबित कर दिया है कि वह अच्छी फॉर्म में हैं। यह लगातार चौथी बार है जब उन्होंने भारत के खिलाफ वनडे में 50 से ज्यादा रन बनाए हैं। इस मामले में वह अब अपने ही देश के केन विलियमसन के बाद दूसरे नंबर पर आ गए हैं। विलियमसन ने 2014 में लगातार 5 बार 50 प्लस स्कोर बनाया था।

डैरिल मिचेल ने भारत के खिलाफ पिछले 7 वनडे मैचों में 6 बार 50 से ज्यादा का स्कोर बनाया है। भारत के खिलाफ भी उनका रिकॉर्ड डराने वाला है। भारत के खिलाफ खेली गई पिछली 7 पारियों में उन्होंने 3 सेंचुरी और 3 फिफ्टी लगाई हैं। भारतीय पिचों पर स्पिन और तेज गेंदबाजी दोनों के खिलाफ वह काफी सहज नजर आते हैं।

इस शतक के साथ ही डैरिल मिचेल ने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। वह भारत के खिलाफ वनडे में 4 या उससे ज्यादा शतक लगाने वाले दुनिया के सिर्फ दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे पहले यह कमाल साउथ अफ्रीका के महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने किया था, जिनके नाम भारत के खिलाफ रिकॉर्ड 5 शतक हैं। मिचेल ने पाकिस्तान के पूर्व खिलाड़ी सलमान बट को पीछे छोड़ दिया है, जिनके नाम 3 शतक थे।

## लॉन्ग ऑफ लॉन्ग ऑफ मैदान पर लौटा टी20 विश्व कप 2024 फाइनल का रोमांच, वैभव के कैच ने बदला मैच

संवाददाता, नई दिल्ली

बांग्लादेश के खिलाफ टीम इंडिया ने टॉस हारकर पहले बैटिंग की। जिसमें अभिज्ञान कुंडू और वैभव सूर्यवंशी की फिफ्टी की बदौलत टीम ने 48।4 ओवर में ऑलआउट होकर 238 रन बनाए थे। इसके बाद गेंदबाजी के लिए जब टीम इंडिया आई तो बॉलिंग में कुछ ऐसा हुआ जिसने इस मैच का पूरा रिजल्ट ही बदल दिया। जहां बांग्लादेश की टीम आसानी से मुकाबला जीतती हुई दिख रही थी। वह इस मैच को हार गई। आईए जानते हैं आखिर क्या हुआ?

**25वें ओवर का वो रोमांचक पल**

बल्लेबाजी के दौरान बांग्लादेश की टीम एक समय बहुत मजबूत स्थिति में थी। उन्हें जीत के लिए 47 गेंदों पर 59 रन की जरुरत थी और उनके 7 विकेट बचे हुए थे। लेकिन फिर टीम इंडिया की बॉलिंग के दौरान 25वें ओवर में खेल का पूरा नक्शा बदल गया। इस ओवर में बॉलिंग विहान मल्होत्रा कर रहे थे। ओवर की दूसरी गेंद पर बांग्लादेश के बल्लेबाज समियुन बसीर रतुल ने हवा में शॉट खेला। गेंद लॉग ऑफ की दिशा में जा रही थी जहां वैभव सूर्यवंशी खड़े थे। ऐसा लगा कि गेंद छक्के के लिए चली जाएगी। लेकिन वैभव ने सही समय पर हल्की सी छलांग लगाई और गेंद को पकड़ लिया। तभी उन्हें लगा कि वो बाउंड्री लाइन के बाहर जा रहे हैं तो उन्होंने तुरंत गेंद को हवा में मैदान की तरफ उछाल दिया और खुद लाइन के बाहर चले गए। फिर वो वापस अंदर आए और कैच पूरा किया। यह सब इतनी तेजी से हुआ कि सब देखते रह गए।

वैभव का यह कैच देखकर सबको टी20 वर्ल्ड कप 2024 फाइनल की याद आ गई। उस मैच में सूर्यकुमार यादव ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ ठीक ऐसा ही कैच पकड़कर मैच पलटा था। वैभव का यह प्रयास भी गेम चेंजर साबित हुआ।



## सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण और कर्तव्य बोध से विश्वगुरु बनेगा भारत : आलोक कुमार

संवाददाता, चंडीगढ

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह आलोक कुमार ने कहा कि सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी, कुटुम्ब प्रबोधन तथा कर्तव्य बोध को अपनाकर ही देश पुनः विश्वगुरु के पथ पर आगे बढ़ सकेगा। संघ के शताब्दी वर्ष में अपना गुणगान या महिमामंडन नहीं, बल्कि पंच परिवर्तन के संकल्प पर देश को एकजुट कर आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

आलोक कुमार रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा पानीपत के एसडी कॉलेज में राष्ट्र निर्माण में खेल-खिलाड़ी की भूमिकाह्व विषय पर एक विचार संगोष्ठी को सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर ओलम्पिक पदक विजेता रवि दहिया ने शिरकत की।

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हरियाणा के प्रांत संघचालक प्रताप, प्रांत प्रचारक डॉ. सुरेंद्र पाल, खेल विश्वविद्यालय राई के कुलपति एवं उत्तराखंड के पूर्व डीजीपी डॉ. अशोक,अंतर्राष्ट्रीय पहलवान योगेश्वर दत्त, भारत की पहली महिला पैरा ओलम्पिक पदक विजेता दीपा मलिक, सुनील डबास सहित पदमश्री,द्रोणाचार्य अवार्डी,अर्जुन अवार्डी,भीम अवार्डी सहित भारी संख्या में अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी मौजूद रहे।

आलोक कुमार ने कहा कि आज हमारा देश 140 करोड़ की जनसंख्या का देश है और यह जनसंख्या हमारी ताकत बने इसके लिए हम सबको एक साथ मिलकर सकारात्मक दिशा में काम करना होगा। इतनी बड़ी जनसंख्या के रहने व अन्य मूलभूत जरुरतों के पूरा करने के लिए पर्यावरण संतुलन बिगड़ गया है। इसका मुख्य कारण हमारे अंदर बढ़ रही उपभोक्तावाद की भावना है। इससे हमारी हवा, जल, खानपान सब दूषित हो गया है। इस बिगड़ते पर्यावरण संतुलन को रोकने के लिए हमें पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना होगा। इसमें हर नागरिक को अपना सहयोग करना होगा।

आलोक कुमार ने कहा कि जाति-पाति, छुआछूत देश की बहुत बड़ी समस्या है और संघ इस समस्या को खत्म करने के लिए प्रयासरत है। देश को अगर तरक्की के रास्ते पर लेकर जाना है तो हमें जाति भेद को खत्म करना होगा और यह तभी संभव है जब हम सामाजिक समरसता को बढ़ावा देंगे। उन्होंने कहा कि देश को आर्थिक तौर पर समृद्ध करने के लिए हमें स्वदेशी को अपनाना होगा। अक्सर घर मं। नई चीज आने के बाद हमें पुरानी चीजें बेकार लगने लगती हैं लेकिन ऐसा नहीं है कि पुरानी चीजें खराब हैं। 15वीं शताब्दी में जब अंग्रेज शिक्षण संस्थान खड़े कर रहे थे तो उस समय हमारे पास नालनंदा, तक्षशिला जैसे विश्वविद्यालय थे। हमारी शिक्षा व्यवस्था उनसे कहीं ज्यादा बेहतर थी। हरियाणा तो इस बात का गवाह है।

उन्होंने कहा कि विदेशों की बजाए हमारे यहां कानून काफी लचीला है इसलिए हमारे यहां कर्त्तव्यबोध पर अधिकारबोध हावी है।

# केजरीवाल तीन दिवसीय गुजरात दौरे पर, बोले-भय से चल रहा शासन

संवाददाता, अहमदाबाद

आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तीन दिन के गुजरात दौरे पर हैं। अहमदाबाद एयरपोर्ट पर उतरते ही केजरीवाल ने भाजपा सरकार की आलोचना की।

उन्होंने कहा कि पिछले 30 वर्षों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुजरात को गर्त में धकेल दिया है। गुजरात में भाजपा का शासन नहीं, बल्कि भय का शासन चल रहा है। बीती रात अहमदाबाद एयरपोर्ट पर पहुंचते ही आप नेताओं और कार्यकताओं ने



उनका स्वागत किया। आम आदमी पार्टी ने प्रदेश में 7 जोन में बूथ कार्यकर्ता सम्मेलनों का आयोजन किया है, इसी को लेकर केजरीवाल गुजरात आए हुए हैं।

**भ्रष्टाचार के खिलाफ कोई आवाज नहीं उठा सकता : केजरीवाल**

केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा शासन में खुलेआम भ्रष्टाचार हो रहा है, लेकिन इसके खिलाफ कोई आवाज उठाने वाला नहीं है। लोग बड़ी उम्मीद के साथ आम आदमी पार्टी की ओर देख रहे हैं। पिछले 6-7 महीनों में पूरे गुजरात में, उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक, हर जगह आप की रैलियां और सभाएं हो रही हैं, जिनमें भारी भीड़ उमड़ रही है। उन्होंने आगे कहा कि हमारे पास पैसे भी नहीं हैं, हम तो एक साधारण पार्टी हैं, फिर भी लोग अपने खर्च पर, अपने पैसों से आम आदमी पार्टी की सभाओं में आ रहे हैं। पहले लोगों में निराशा थी कि भाजपा नहीं तो कौन? कांग्रेस से भी कोई उम्मीद नहीं थी, लेकिन अब लोग आम आदमी पार्टी की ओर देख रहे हैं।

**आखिरी वक्त में पार्टी प्लॉट की बुकिंग रद्द, बदला गया स्थल**

आज अहमदाबाद के निकोल स्थित उदय ग्रीन पार्टी प्लॉट में मध्य जोन बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन होना था, लेकिन आखिरी समय में पार्टी प्लॉट मालिक ने बुकिंग रद्द कर दी। इसके चलते आम आदमी पार्टी को कार्यक्रम स्थल बदलना पड़ा। अब यह सम्मेलन साणंद-बावला रोड स्थित लोडरियाल गांव में आयोजित किया जाएगा।

आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया है कि भाजपा ने पार्टी प्लॉट मालिक को धमकाकर बुकिंग रद्द करवाई है। पार्टी का कहना है कि 2.30 लाख रुपये देने के बावजूद अंतिम समय में बुकिंग रद्द कर दी गई। इन सभी सम्मेलनों को अरविंद केजरीवाल संबोधित करेंगे।

इस सम्मेलन में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक के अलावा प्रदेश प्रभारी गोपाल राय सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे। 19 जनवरी को वडोदरा में पूर्व जोन के कार्यकताओं का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

# अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन 19-21 जनवरी तक लखनऊ में

संवाददाता, नई दिल्ली

86वां अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन (एआइपीओसी) सोमवार, 19 जनवरी को उत्तर प्रदेश विधानसभा में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के उद्घाटन भाषण के साथ प्रारंभ होगा। 19 से 21 जनवरी तक आयोजित तीन-दिवसीय सम्मेलन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे।

उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना स्वागत भाषण देंगे और उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह



उद्घाटन सत्र में धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करेंगे।

इस अवसर पर राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश तथा उत्तर प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय भी विशिष्ट जनसमूह को संबोधित करेंगे। उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री, उत्तर प्रदेश विधान परिषद् एवं उत्तर प्रदेश विधानसभा के सदस्य तथा अन्य गणमान्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल होंगे।

**तीन-दिवसीय सम्मेलन के दौरान निम्नलिखित विषयों पर विचार-मंथन किया जाएगा:**

1. पारदर्शी, प्रभावी एवं नागरिक-केंद्रित विधायी प्रक्रियाओं के लिए प्रौद्योगिकी उपयोग।
2. कार्यकुशलता बढ़ाने एवं लोकतांत्रिक शासन सुदृढ़ करने के लिए विधायकों की क्षमता का निर्माण।
3. जनता के प्रति विधायिका की जवाबदेही।

सम्मेलन का समापन 21 जनवरी को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के समापन संबोधन के साथ होगा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह तथा उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना समापन सत्र की को संबोधित करेंगे।

सम्मेलन से पहले लखनऊ, उत्तर प्रदेश में अखिल भारतीय विधायी निकायों के सचिवों का 62वां सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा।

## इंडोनेशिया और मध्य प्रदेश के बीच यूथ एक्सचेंज पर हुई चर्चा

संवाददाता, भोपाल

इंडोनेशिया के गांधीवादी विचारक पद्मश्री से सम्मानित अगुस इंद्रा उदायना ने रविवार को भोपाल प्रवास के दौरान मप्र के खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग से सौजन्य भेंट की। इस दौरान इंडोनेशिया और मध्य प्रदेश के मध्य युवा विकास, सांस्कृतिक सहयोग तथा द्विपक्षीय खेल गतिविधियों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। भेंट के दौरान अगुस इंद्रा उदायना ने इंडोनेशिया (विशेष रूप से बाली) और मध्य प्रदेश के बीच यूथ एक्सचेंज कार्यक्रम प्रारंभ करने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने सुझाव दिया कि इसके माध्यम से दोनों देशों के युवाओं को कला, आयुर्वेद, संस्कृति, पारंपरिक जीवनशैली एवं शैक्षणिक अनुभवों से परिचित होने का अवसर मिल सकता है। इससे आपसी समझ, सांस्कृतिक संवाद और वैश्विक दृष्टिकोण को मजबूती मिलेगी। मंत्री सारंग ने प्रस्ताव का स्वागत करते हुए कहा कि यूथ एक्सचेंज कार्यक्रम युवाओं के सर्वांगीण विकास के साथ अंतरराष्ट्रीय सहयोग और सांस्कृतिक सेतु निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल हो सकती है। उन्होंने आश्वस्त किया कि इस विषय पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग के माध्यम से विस्तृत विचार-विमर्श एवं आवश्यक प्रक्रिया की जाएगी, जिससे संभावनाओं को व्यवहारिक रूप दिया जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### सार्वजनिक स्थान पर मारपीट व हुड़दंग करने वालो को किया गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान/देहरादून। (दीपक शर्मा बामनवास)** युवक तथा उसके साथी पर हमला कर मारपीट करने वाले पांच अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार,गिरफ्तार सभी अभियुक्त निजी शिक्षण संस्थान के है छात्र,आपस मे हुई मामूली कहासुनी को लेकर अभियुक्तो द्वारा की गई थी मारपीट की घटना।

SSPदेहरादून द्वारा सभी अधीनस्थों को अपने-अपने क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानो पर हुड़दंग करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही किए जाने के दिए गए निर्देशों के क्रम में दिनांक 17/01/2026 को थाना सेलाकुई क्षेत्र में मामूली बात पर लाठी डंडों से हमला कर मारपीट हुड़दंग करने वाले अभियुक्तों पर थाना सेलाकुई में संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया तथा घटना में शामिल पांच अभियुक्तों,आयुष पल,अर्चित राय, तुभ्यम जैन, वात्सल्य झा, तथा कबीर राज सिंह को गिरफ्तार किया गया। उक्त सभी अभियुक्त एक निजी शिक्षण संस्थान के छात्र हैं, जिनके विरुद्ध कार्यवाही हेतु संस्थान से भी पत्राचार किया गया है।

### वीर सिंह सैनी बने सैनी समाज कल्याण परिषद के जिलाध्यक्ष

**चमकता राजस्थान/ मनोज खत्री/ब्यूरो चीफ डीग।** कामां- सैनी समाज छात्रावास कामां पर सैनी समाज कल्याण परिषद के जिला अध्यक्ष के चुनाव अशोक सैनी सरपंच एवं वैध रूप बसंत सैनी की अध्यक्षता में आयोजित किए गए। चुनाव अधिकारी छगनलाल सैनी की देखरेख में चुनाव सम्पन्न हुए।

जिला अध्यक्ष के लिए वीरसिंह सैनी आढतिया, नीरोती सैनी एवं महेंद्र सैनी ने आवेदन किया । उपस्थित समाज बंधुओ ने आपसी सहमति कर सर्वसम्मति से वीर सिंह सैनी को जिला अध्यक्ष एवं निरती सैनी आढतियां को जिला उपाध्यक्ष चुना ।

विचार मंथन में उपस्थित समाज बंधुओ ने समाजिक कुरुतियों को त्यागने और राजनीतिक जागृति के साथ-साथ शिक्षा पर जोर देते हुए समाज की एकता पर बल दिया। आज के कार्यक्रम में खुशीराम सैनी, शिवराम सैनी,सर्वेश सैनी, कन्हैया लाल सैनी, लाला राम सैनी, गेंदीलाल सैनी, दौलत राम, भूपेंद्र सैनी, प्रदीप सैनी पीटीआई,नरोत्तम सैनी सहित मातूकी ,इन्द्रौली, छिछरवाड़ी, करमूका ,जुरहरा, नोनेरा, सतवाडी, बरखेड़ा ,पहाड़ी, पीपलखेड़ा, भिवाड़ी गोपालगढ़ ,सीकरी सहित सैकड़ो की संख्या में समाज बंधु एवं मातृशक्ति उपस्थिति रही ।

### कड़ाके की ठंड में 'धूप छांव फाउंडेशन' ने बढ़ाया मदद का हाथ, स्कूली बच्चों को बांटे जैकेट



**चमकता राजस्थान/संदीप कुमावत/ चौमू।** शहर में बढ़ती कड़ाके की ठंड और शीत लहर को देखते हुए सामाजिक संस्थाएं अब जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आने लगी हैं। इसी क्रम में 'धूप छांव फाउंडेशन' ने सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश करते हुए गिरधारीपुरा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में एक सेवा कार्यक्रम आयोजित किया। फाउंडेशन की ओर से स्कूल के कक्षा 1 से 5 तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों को गरम जैकेट वितरित किए गए।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व पार्षद राधेश्याम बोहरा और विशिष्ट अतिथि के रूप में सुभाष पांडे उपस्थित रहे। अतिथियों ने बच्चों को अपने हाथों से जैकेट पहनाए और फाउंडेशन के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ₹नर सेवा ही नारायण सेवा है।₹ उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों से समाज के वंचित वर्ग को संबल मिलता है।फाउंडेशन की अध्यक्षा मीरा अग्रवाल ने बताया कि राजकीय विद्यालयों में अक्सर जरूरत मंद बच्चे आते हैं जिनके पास संसाधनों की कमी होती है। हमारा लक्ष्य इन बच्चों को आवशयक वस्तुएं उपलब्ध कराकर उनकी शिक्षा की राह को आसान बनाना है। उन्होंने इस पुनीत कार्य का श्रेय भामाशाहों और अपनी पूरी टीम के आपसी सहयोग को दिया।इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या विजया कौशिक ने संपूर्ण विद्यालय परिवार की ओर से 'धूप छांव फाउंडेशन' की इस निस्वार्थ सेवा की प्रशंसा की और टीम का आभार व्यक्त किया। कड़ाके की ठंड के बीच नया जैकेट पाकर बच्चों के चेहरों पर भी मुस्कान और खुशी देखी गई।साथ ही इस सेवा कार्य को सफल बनाने में फाउंडेशन की टीम से संजय गर्ग, गंगा लहरी गुप्ता, सोनल गुप्ता, सत्यभामा गुप्ता, विजय गुप्ता, भूमिका अग्रवाल, रिंकू गुप्ता, देव अग्रवाल और इशिता अग्रवाल का विशेष योगदान रहा। फाउंडेशन के इस कदम ने साबित कर दिया है कि यदि समाज एकजुट हो जाए, तो ठंड की ठिठुरन किसी मासूम की पढ़ाई में बाधा नहीं बन पाएगी।

# बांग्लादेश में हिन्दू हत्या पर नेताओं की चुप्पी चिंताजनक : संत हरि नारायण शास्त्री महाराज

चमकता राजस्थान




**चमकता राजस्थान / नागौर(प्रदीप कुमार डागा)।** हिंदू समर्थ राष्ट्र समर्थ व हिंदुत्व ही राष्ट्रीयत्व है के भाव को लेकर संपूर्ण राष्ट्र में विशाल हिंदू सम्मेलनों के आयोजन का श्री गणेश हुआ। पूरे देश में एक लाख से अधिक हिंदू सम्मेलनों के लक्ष्य को तथा राजस्थान में 7 हजार आयोजन संपन्न करने की चुनौती के साथ नागौर विभाग में विभिन्न मंडल केन्द्रों व शहर की बस्तियों में हिंदू सम्मेलन के कार्यक्रम संपन्न हुए।

नागौर जिला मुख्यालय पर शारदा पुरम, ताऊसर, प्रताप व महालक्ष्मी बस्ती में यह आयोजन संपन्न हुए।

नागौर जिले में 19 मंडलों में यह कार्यक्रम संपन्न हुए। शारदापुरम्का हिंदू सम्मेलन त्यागी जी की बगीची में संत हरिनारायण शास्त्री महाराज के पावन सानिध्य में हुआ जिसमें सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य पुष्पलता व्यास ने मातृशक्ति व मुख्य वक्ता जगदीश सिंह ने सामाजिक समरसता व सनातन अवधारणा पर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के संयोजक पारस मल परिहार व सदस्य भंवरलाल गोदारा ने बताया कि इस अवसर पर अपने संबोधन में शास्त्रीजी ने कहा कि बांग्लादेश में दलित हिंदुओं का नरसंहार किया जा रहा है और भारत के अपने आप को दलित नेता कहने सोए पड़े हैं। अगर हम संगठित और एक रहेंगे, भेदभाव नहीं रखेंगे तथा भेदभाव नहीं रखेंगे तो हिंदुत्व की रक्षा होगी। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म के समान विश्व में ऐसा कोई देश नहीं है जिसमें श्रेष्ठ भाव हो। अपने प्राचीन शास्त्र व महापुरुषों की अनेक श्रेष्ठ वाणियां है तो फिर हम दूसरों की ओर क्यों ताकें। उन्होंने कहा कि भारत में सबसे अधिक खतरा हिंदू समाज के दोगले लोगों से है जो अपने महान पुरुषों व देवताओं का विरोध करते हैं।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य व्यास ने कहा कि भारतीय सभ्यता संस्कृति में महिलाओं की अग्रणी व देवी की भूमिका है। आज एक ही संतान की अवधारणा में तथा केरियर, धन के प्रति बहुत अधिक जोर देने की स्थिति में बंद कमरों में मां-बाप दम तोड़ रहे हैं। विदेश में रह रही संतानों अभिभावकों की लासें सड़ गई है। माता व पिता को संताने कंधा भी नहीं दे सकती। वसुधैव कुटुंबकम का भाव रखने वाला हिंदू समाज अपने परिवार को भी ठीक प्रकार से संभाल नहीं रहा है। शिक्षा के साथ संस्कार, संवेदना व उदारता की शिक्षा दें।जीवन में सद्गुण बढे ऐसी बातें व कार्यक्रम सामूहिक रूप से परिवार में हो। अपने संबोधन में मुख्य वक्ता जगदीश सिंह ने कहा कि सनातन सभी युगों में रहा है। वामन अवतार, नृसिंह अवतार, रामावतार व कृष्ण अवतार ने भी सनातन भाव को जगाया है। उन्होंने कहा कि राम ने 14 वर्ष का वनवास धारण कर रावण की नाभि में बाण मारा, कुरुक्षेत्र में कृष्ण ने गीता का ज्ञान दिया, स्वामी विवेकानंद ने शिकागो में प्रसिद्ध उद्बोधन दिया, 500 वर्षों के कलंक को धोकर अयोध्या में राम मंदिर का शिलान्यास होता है तो सनातन का ही जागरण होता है। उन्होंने कहा कि जीवन मूल्यों को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए सनातन का जागरण जरूरी है। आज के समय में भगवान कृष्ण की मुरली के साथ-साथ पांचजन्य की झंकार का शौर्य भाव जागरण भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि जाति से बड़ा राष्ट्र है। अगर हम केवल जाति पर आधारित रहेंगे तो हमें कटने, मिटने व बटने में अधिक समय नहीं लगेगा।

## तिब्बती मार्किट में अतिक्रमण हटाने को रविवार को फिर किया एनाउंस , थलों पर नोटिस चस्पा कर रविवार की शाम तक अतिक्रमण हटाने का दिया गया था समय

चमकता राजस्थान



**अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर नगर निगम द्वारा तिब्बती मार्किट में आज शाम एक बार फिर थलेदारों से एनाउंस कर अपने अवैध कब्जे हटाने के लिए कहा गया।

नगर निगम द्वारा दो दिन पहले तिब्बती मार्किट में अवैध रुप से सड़क पर कब्जा कर अवैध थले लगाकर अतिक्रमण करने वालों के थलों पर नोटिस चस्पा किये गए थे और 18 जनवरी तक अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी गयी थी। अतिक्रमण न हटाने की स्थिति में उसके बाद निगम द्वारा अपने संसाधनों से अतिक्रमण हटाने और उसका हर्जा-खर्चा वसूलने की बात भी नोटिस में कही गयी थी। लेकिन उसके बाद भी थलेदारों द्वारा आज रविवार की शाम तक अपना अतिक्रमण नहीं हटाया गया।

नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर सहायक नगरायुक्त बिकास धर दुबे एवं अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा ने तिब्बती मार्किट पहुंचकर आज शाम पुनः एनाउंस कर अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी। चेतावनी देते हुए कहा गया कि तीन बार नगर निगम द्वारा नोटिस दिये जा चुके है और कई बार मुनादी करायी जा चुकी है लेकिन उन्होंने कब्जा नहीं हटाया है। आज शाम अंतिम बार चेतावनी दी जा रही है। इस दौरान सम्पत्ति सुरक्षा अधिकारी हरि प्रकाश कसाना व प्रवर्तन दल के जवान भी मौजूद रहे।

### सहारनपुर में 934 लाभार्थियों के खाते में पहुंची एक लाख रुपये की पहली किश्त

**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी -2.0 के ''लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण'' योजना के लाभार्थियों को आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सहारनपुर के 934 लाभार्थियों सहित प्रदेश के दो लाख लाभार्थियों को सिंगल क्लिक द्वारा एक लाख रुपये की प्रथम किश्त सीधे उनके खातों में हस्तारित की गयी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी लाभार्थियों से वर्चुअल संवाद भी किया, जिसका सीधा प्रसारण यहां जनमंच सभागार में किया गया।

सहारनपुर के जिन 934 लाभार्थियों के खाते में मुख्यमंत्री द्वारा सिंगल क्लिक के साथ एक लाख रुपये की प्रथम किश्त हस्तांतरित हुई है उनमें देवबंद निकाय क्षेत्र के 341, सहारनपुर निकाय क्षेत्र के 239, सरसावा निकाय क्षेत्र के 97, गंगोह निकाय क्षेत्र के 79, चिलकाना निकाय क्षेत्र के 64, अम्बहेटा निकाय क्षेत्र के 63, बेहट निकाय क्षेत्र के 23, छुटमलपुर निकाय क्षेत्र के 22 तथा तीतरो निकाय क्षेत्र के 06 लाभार्थी शामिल है।

सेठ गंगा प्रसाद महेश्वरी सभागार (जनमंच) में नगर निगम एवं डूडा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रतीकात्मक रुप से सहारनपुर के 27 लाभार्थियों को जिलाधिकारी मनीष बंसल, नगरायुक्त शिपू गिरि, देवबंद के चेयरमैन विपिन गर्ग, सरसावा चेयरमैन प्रतिनिधि प्रमोद पंवार व विभिन्न निकायों के पार्षदों ने आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र भी वितरित किये।

## नागेश्वर गौशाला में पशु कल्याण जागरूकता अभियांन

### अबोल प्राणियों के प्रति संवेदनशीलता रखना हमारा मानवीय धर्म : सोनी

चमकता राजस्थान



**राजूराम मेघवाल/ब्यूरो चीफ़ जोधपुर।** भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड के दिशा निर्देश अनुसार पशुपालन एवं पशु स्वास्थ्य के लिए वैज्ञानिक पद्धतियों को बढ़ावा देने, पशु क्रूरता की रोकथाम एवं केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रचार करने के उद्देश्य से 14 जनवरी से 13 फरवरी तक आयोजित ₹पशु कल्याण जागरूकता माह₹ के दौरान बोर्ड के मानद पशु कल्याण प्रतिनिधि ₹प्राणी मित्र₹ हरनारायण सोनी ने आज श्री नागेश्वर गौशाला बेरडॉकाबास में राज्य सरकार के गोपालन विभाग की महत्ती योजना के तहत बन रही पंचायत समिति स्तरीय नंदीशाला के विकास कार्यों का अवलोकन कर पशु अधिकारों की जानकारी देते हुए कहा कि पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की पालना करना हमारा कानूनी दायित्व है, साथ ही अबोल जीवों के प्रति संवेदनशीलता रखना हमारा मानवीय धर्म भी है, हम निराश्रित पशुओं के उपचार एवं आश्रय की व्यवस्था के लिए सदैव तत्पर रहें। जागृति के लिए पाठशालाओं में निबंध, पेंटिंग, भाषण, नाटक आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कर बचपन से ही करुणा का भाव पैदा करने एवं विद्यार्थियों को गौशालाओं व अन्य जीव रक्षा केंद्रों का भ्रमण करवा कर उनको जीवों के महत्व और उनकी पीड़ा को समझने हेतु प्रेरित करना चाहिये। इस दौरान गौशाला प्रबंधक रामलाल प्रजापत एवं देवाराम बेनीवाल ने गौशाला में गोवंश स्वास्थ्य के लिए चलाए जा रहे पोषण अभियान की जानकारी दी। राजस्थान गोसेवा समिति के जिला अध्यक्ष हरनारायण सोनी,गौशाला कोषाध्यक्ष गेनाराम फौजी, जाटीपुरा गोशाला सचिव कुन्नाराम जानी सहित उपस्थित जनों ने गौशाला अध्यक्ष गौभक्त गंगासिंह भाटी को उनके निधन पर जिला संगठन की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की।

### डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव बैंक की 76वीं वार्षिक सामान्य निकाय बैठक सम्पन्न



**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, सहारनपुर की 76वीं वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक रविवार को जनमंच, गांधी पार्क, रेलवे रोड पर भव्य रूप से आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता बैंक अध्यक्ष चौधरी राजपाल सिंह ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास मंत्री जसवंत सैनी रहे। बैठक में नगर विधायक राजीव गुम्बर, नकुड़ विधायक मुकेश चौधरी, गंगोह विधायक किरत सिंह, रामपुर मनिहारन विधायक देवेन्द्र निम, भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र सिंह सैनी, डीसीडीएफ अध्यक्ष सोनेन्द्र राणा, पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, पूर्व विधायक महिपाल सिंह माजरा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, बैंक संचालक, अधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बैंक अध्यक्ष चौधरी राजपाल सिंह एवं सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी कुलदीप चौधरी द्वारा मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का स्मृति चिन्ह, बुके एवं शाल भेंट कर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया।

### ओबीसी मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष डॉ महेन्द्र कुमावत का भव्य स्वागत




**कमल साहू/चमकता राजस्थान/ब्यावर।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ महेन्द्र कुमावत का भाजपा ब्यावर विधानसभा के कार्यकर्ताओं ने रविवार को राघवश्री हॉल में भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया।

भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ महेन्द्र कुमावत प्रथम आगमन पर भाजपा जिला महामंत्री पवन जैन, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष चेतन गोयर, वरिष्ठ भाजपा नेता बृजकिशोर शर्मा, शिवप्रकाश सामरिया, विधि प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष यज्ञेश शर्मा, करणसिंह रावत, मंडल अध्यक्ष विजय दगदी, रवि चौहान, संतोष रावत, कुशाल सिंह, जयसिंह, प्रदीप रावत के नेतृत्व में बड़ी माला पहनाकर, भाजपा दुपट्टा ओढ़ाकर अभिनंदन किया। साथ ही राजस्थानी साफा पहनाया और तलवार भेंट की गई और बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारीयों, कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा और ढोल नगाड़े के साथ से भव्य स्वागत किया और मंगलकामनाएं दी।

ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत के लिए ब्यावर विधानसभा के कार्यकर्ताओं में जबरदस्त जोश और उत्साह नजर आया।

## गाली-गलौज और हाथापाई तक पहुंची नौबत

# बसंत पशु मेला उद्बोधन को लेकर वर्तमान और पूर्व विधायक के बीच तीखी झड़प

चमकता राजस्थान




भरतपुर(राजवीर सिंह)। रूपवास कस्बे के ऐतिहासिक मेला मैदान में आयोजित 'बसंत पशु मेला एवं प्रदर्शनी' का उद्घाटन समारोह रविवार को राजनीतिक खींचतान और हंगामे की भेंट चढ़ गया। कार्यक्रम के दौरान वर्तमान विधायक डॉ. ऋतु बनावत और पूर्व विधायक बच्चूसिंह बंशीवाल के बीच उद्बोधन (भाषण) की प्राथमिकता को लेकर शुरू हुई बहस देखते ही देखते गाली-गलौज और हाथापाई की स्थिति तक पहुँच गई।

» मंच पर हुआ हाई-वोल्टेज ड्रामा

मेले का शुभारंभ महंत नेमीचंद कटारा द्वारा मंत्रोच्चारण और पुलिस बल द्वारा ध्वजारोहण के साथ शांतिपूर्ण ढंग से हुआ था। विवाद तब शुरू हुआ जब मंच संचालन कर रहे प्रधानाचार्य ने पूर्व विधायक बच्चूसिंह बंशीवाल को उद्बोधन के लिए आमंत्रित किया। बंशीवाल ने वर्तमान विधायक डॉ. ऋतु बनावत को पहले बोलने के लिए कहा, जिस पर पूर्व जिलाध्यक्ष ऋषि बंसल और बच्चूसिंह बंशीवाल के बीच बहस छिड़ गई। देखते ही देखते यह नोक-झोंक वर्तमान और पूर्व विधायक के बीच व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप में बदल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मंच पर ही दोनों पक्षों के बीच तीखी भाषा का प्रयोग हुआ और गाली-गलौज होने लगी।

» समर्थकों की नारेबाजी और हाथापाई की स्थिति

नेताओं के बीच बढ़ती तल्खी देख नीचे खड़े समर्थकों ने भी मोर्चा खोल दिया और एक-दूसरे के खिलाफ जमकर नारेबाजी शुरू कर दी। मंच पर और मंच के नीचे हाथापाई की नौबत आते देख वहां मौजूद भारी पुलिस जाब्ते ने तुरंत मोर्चा संभाला और काफी मशक्कत के बाद दोनों पक्षों को शांत करवाया। इस हंगामे के कारण उद्घाटन समारोह का गरिमामयी माहौल पूरी तरह बिगड़ गया और कार्यक्रम महज खानापूर्ति बनकर रह गया।

» प्रशासन और नगरपालिका पर उठे सवाल

वहां मौजूद नागरिकों ने इस पूरी घटना के लिए नगरपालिका प्रशासन की लापरवाही और खराब मंच संचालन को जिम्मेदार ठहराया है। लोगों का कहना था कि प्रोटोकॉल और अतिथियों की सूची पहले से स्पष्ट न होने के कारण यह विवाद उपजा।

विधायक का पक्ष मामले पर सफाई देते हुए विधायक डॉ. ऋतु बनावत ने कहा कि प्रोटोकॉल के तहत कुछ ही लोगों को उद्बोधन देना तय था, इसी विषय को लेकर चर्चा हुई थी। यह कोई बड़ा मुद्दा नहीं था।

मौके पर मौजूद रहेः इस दौरान भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ऋषि बंसल, पूर्व विधायक अमरसिंह जाटव, तहसीलदार अमित शर्मा, अधिशासी अधिकारी योगेश पिप्पल, विकास अधिकारी काजल शर्मा और थानाधिकारी विनोद मीणा सहित कई अधिकारी और नेता उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) कार्यकारी संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929